तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 27 नवंबर 2024

10 लाखों रूपए का कंपोस्ट शेड कबाड़ कचरों से ढका एसएलआरएम सेंटर

11 शिवनाथ नदी में प्रशासनिक अधिकारियों की आड़ में हो रहा है अवैध रेत खनन




## दुर्ग रेलवे स्टेशन का नवनिर्माण शुरू नहीं, परिसर में ट्रैफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

लगभग 400 करोड़ रुपए फंड देने के बाद दुर्ग रेलवे स्टेशन का नवनिर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। जिसकी वजह से दुर्ग रेलवे स्टेशन आसपास जाम की स्थिति से लोगों को जूझना पड़ रहा है। यात्रियों को आने -जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जाम में फंसने की वजह से कई यात्रियों की ट्रेनें तक छूट जा रही है।

### ऑटो-टैक्सी और कार का जमावड़ा, यात्री परेशान

### 60 हजार यात्रियों का हर दिन आवागमन

दुर्ग रेलवे स्टेशन से रोजाना 60 हजार से ज्यादा यात्री विभिन्न ट्रेनों में आवागमन करते हैं। 36 लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर करने के लिए ये यात्री यहां पहुंचते हैं। इसके अलावा जो यात्रियों को रिसीव करने और छोड़ने के लिए उनके नाते-रिश्तेदार भी बड़ी संख्या में होते है। इन लोगों को स्टेशन परिसर के सामने जाम की स्थिति से गुजरना पड़ता है।



### स्टेशन परिसर का स्टैंड बड़ी दिक्कत

रेलवे स्टेशन परिसर में वाहन स्टैंड हैं। इस वाहन स्टैंड में वहां का स्टॉफ वाहनों को जहां-जहां खड़ी करवा देता है। जिसकी वजह से यहां पर ट्रैफिक के हालत बिगड़ते हैं। इसके अलावा ऑटो व टैक्सी वाले अपनी मनमर्जी से परिसर में प्रवेश कर लेते हैं। जिससे यात्रियों को स्टेशन पहुंचने में काफी समय लगता है। इस दौरान ट्रेनें यदि आ गई जो उसे पकड़ना आसान नहीं रह जाता।

### स्टेशन में जाम से मुक्ति के लिए ये जरूरी

रेलवे स्टेशन के आसपास यातायात प्रबंधन को सुधारने यातायात पुलिस की तैनाती आवश्यकता है । रेलवे स्टेशन के आसपास पार्किंग व्यवस्था को सुधारने और इस बड़े स्तर पर किए जाने की आवश्यकता है । रेलवे स्टेशन के आसपास सार्वजनिक परिवहन को सुधारने की जरूरत है। बस सेवा को रेलवे स्टेशन के पास से शुरू करने से यातायात पर दबाव कम होगा। ऑटो चालकों के लिए सम्पूर्ण व्यवस्थायुक्त स्टैंड बनाया जाना चाहिए। रेलवे स्टेशन के आसपास पैदल यात्री पथ की हालत बेकार है। फुटपाथ का निर्माण, पैदल यात्री क्रॉसिंग का निर्माण रोड पर फुटकर व्यवसायों को व्यवस्थित किए जाने की भी जरूरत है।

### पीएम कार्यालय व रेल मंत्री को पत्र

जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता,मदन सेन, पारस जंघेल, निशु पांडे, डॉ रमेश श्रीवास्तव, सुभाष साव, कन्हैया सोनी आदि ने प्रधानमंत्री कार्यालय ,रेल मंत्री व सांसद को पत्र लिखकर दुर्ग रेलवे स्टेशन में ट्रैफिक व अन्य समस्याओं से अवगत कराया है। जिससे जनता को राहत प्रदान हो सके।

### रेलवे ने महीनेभर पहले ही ठेके से करवाया है संधारण

## लाखों रुपए से रिसाली- उमरपोटी अंडरब्रिज का संधारण, भीतरी हिस्सा फिर हुआ जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

लाखों रुपए खर्च कर रेलवे ने रिसाली-उमरपोटी अंडरब्रिज का संधारण करवाया है। महीनेभर ही हुए है इस कार्य को और अंडरब्रिज का भीतरी हिस्सा फिर से जर्जर हो गया है। क्रांक्रीटीकरण टूट गए हैं। उखड़-खाबड़ की स्थिति है। लोगों के वाहन यहां पर अनियंत्रित हो जाते हैं और गिर रहे हैं। अंडरब्रिज के इस हालात से लोग पहले भी जूझ रहे थे और संधारण कार्य होने के बाद भी यही समस्या है।



### हर रोज हजारों लोगों की है आवाजाही

रिसाली- उमरपोटी अंडरब्रिज से हर रोज हजारों लोगों की आवाजाही होती है। चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर, कबीरनगर सहित दर्जनभर कालोनीवासी इस अंडरब्रिज का उपयोग करते हैं। रिसाली, धनोरा, बोरसी और दुर्ग आने- जाने के लिए इस अंडरब्रिज का इस्तेमाल होता है। इसी तरह रिसाली,धनोरा, बोरसी और दुर्ग की तरफ से आने वाले लोग भी इसी अंडरब्रिज का उपयोग करते हैं। इसके अलावा उमरपोटी, उतई, पुरई,पतोरा,सेलूद से लेकर पाटन तक से जुड़े ग्रामीण सीधे दुर्ग जाने के लिए इस बायपास रोड का उपयोग करते हैं।

### विद्यार्थी सहित कोलानीवासियों की दिक्कतें बढ़ी

ठेका एजेंसी ने रिसाली- उमरपोटी अंडरब्रिज मरम्मत के नाम पर ढ़ाई महीने से आवागमन बंद कर दिया गया था। इसकी वजह से लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। दुर्ग तक सीधा आवागमन बंद हो गया था । बोरसी और धनोरा जाने के लिए लोगों को दो किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा था। कॉलेज व स्कूल जाने वाले विद्यार्थी सहित आसपास के कालोनी और ग्रामीणों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### अंडरब्रिज संधारण के बाद ऐसी स्थिति

इस अंडरब्रिज का संधारण रेलवे ने रायपुर की गोयल कंपनी को ठेके पर दिया है। इस कंपनी के द्वारा अंडरब्रिज के दोनों तरफ सीमेंट से कांक्रीटीकरण किया गया है। बीच के हिस्सा इतना जर्जर हो गया था कि लोगों को पहले आवागमन में काफी मुश्किलें आती। इसी हिस्से में ठेका एजेंसी ने 11 इंच कांक्रीटीकरण करने का दावा कर रही है। जबकि मौके पर देखें तो यहां पहली जैसी स्थिति हैं। पानी जमा हुआ है। कांक्रीटीकरण दिखाई ही नहीं देता। इस हिस्से पर चौपहिया वाहन हिचकोले खाते निकलते हैं। दुपहिया वाहन से विद्यार्थी व महिलाएं अनबैलेंस होकर गिरने लगे हैं।

### गुणवत्ता पर उठाए लोगों ने सवाल

अंडरब्रिज संधारण कार्य की गुणवत्ता पर ही अब लोग सवाल उठाने लगे हैं। रहवासियों ने बताया कि भीतर का जर्जर हिस्सा ही मुख्य तौर पर पहले खराब था। संधारण कार्य होने के बाद भी वैसा ही है। इधर रेलवे से जुड़े लोगों का कहना है कि ठेका एजेंसी ने बीच हिस्से का संधारण कार्य किया है। लोगों ने इस मार्ग को समय से पहले ही खोल दिया। जिसकी वजह से वह हिस्सा टूटकर फिर से वैसा हो गया। ठेका एजेंसी के इंजीनियर को लेकर मंगलवार को यहां विजीट हुआ है। दस दिन आवागमन ब्रेक लेकर इस कार्य को पूरा करवाया जा सकेगा। इसके लिए लोगों को सहयोग करने की जरूरत है।

### खबर संक्षेप

### चाकू अड़ाकर दो लोगों से चैन व मोबाइल लूट

भिलाई। दुर्ग में दो युवकों को चाकू के दम पर मोबाइल व चांदी के चैन व नगदी रकम लूट ली गई।कोतवाली पुलिस दुर्ग ने अपराध दर्ज कर लिया है। प्रार्थी गोविंद कुंभकार पिता स्व सुरेश कुंभकार उम्र 23 साल निवासी वार्ड नंबर 1 नयापारा दुर्ग का रहने वाला है। सुबह लगभग करीब 4 बजे वह अपने दोस्त यशराज साहू, देवेन्द्र यादव एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 5788 से भेढारवानी गांव बरात से वापस घर नयापारा दुर्ग आ रहे थे। उसी समय ब्रम्हकुमारी भवन के सामने बघेरा दुर्ग के पास दो युवक सीजी 07 बीएफ 1095 को गाडी के सामने अड़ाकर रुकवाए और चाकू दिखाकर मोबाइल, दो चांदी की चैन व नगदी सहित कुल कीमती 25 हजार 700 रुपए लूट लिए। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ धारा 126 (2) 296 , 351(2), 309 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपियों ने युवकों को जान से मारने की धमकी दी थी। इस धमकी के भय से युवकों ने 23 नवंबर को घटना के दिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखवाई। उन्होंने अपने माता पिता व पड़ोसी को इसकी जानकारी दी।

## युवती को चाकू मारकर मोबाइल लूटा, आरोपी को दस साल सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- दुर्ग न्यायालय ने दिया फैसला

अतिरिक्त लोक अभियोजक चतुर्थ अपर न्यायाधीश जिला न्यायालय दुर्ग ने युवती को चाकू मारकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी का दस साल सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा दी है। आरोपी युवक अभिषेक जोशी पिता स्व. महेन्द्र जोशी को भा.द.सं. की धारा 394 सहपठित धारा 397 के तहत दोषी पाया गया।

प्रकरण के मुताबिक थाना भिलाई नगर, जिला दुर्ग में प्रार्थिया सरोजबाला पाण्डेय के द्वारा इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 4 नवंबर 2020 को समय दोपहर 11.15 बजे से 12 बजे के मध्य उसकी बेटी आयुषी पांडेय पुस्तक लेने सेक्टर-10 जाने के लिये निकली। घर से अपनी स्कूटी क्रमांक सी.जी. 07 बी.सी. 0717 से निकली थी। जब आधे से पौन घण्टे बाद उसकी बेटी घर वापस आयी तब घर के दरवाजे से ही मम्मी कहकर चिल्लाने पर प्रार्थिया के द्वारा बाहर निकल के देखा कि उसकी बेटी लहूलुहान स्थिति में थी। आयुषि बोली कि उसको एक व्यक्ति ने चाकू मार दिया है और उसका मोबाईल छिन लिया है। प्रार्थिया द्वारा पूछने पर कि किस व्यक्ति ने मारा है, प्रार्थिया की बेटी बेहोश होकर गिर गयी। तब प्रार्थिया द्वारा अपने बेटे दीपांशु दीप और पड़ोसी समीर के साथ सेक्टर-9 अस्पताल में अपनी बेटी को लेकर आए। जहाँ उसे आई.सी.यू. वार्ड में उपचार हेतु भर्ती किया गया।

अस्पताल परिसर में प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना भिलाई नगर द्वारा अज्ञात आरोपी के द्वारा प्रार्थिया की बेटी आयुषी पाण्डेय को चाकू से मारकर उसका मोबाईल रेडमी नोट प्रो जिसमें जियो व एयरटेल सिम लगा हुआ को लूटकर ले गया एवं चाकू मारने से प्रार्थिया की बेटी को नाक, हाथ, पेट व सीने में चोट आई।

## कुक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सुपेला थाना अंतर्गत केडिया डिस्टलरी प्लांट के संचालक के घर में काम करने कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक अन्य स्टॉफ कर्मियों के लिए खाना बनाने का काम करता था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना पुलिस ने बताया कि घटना डिस्टलरी संचालक नवीन केडिया के नेहरू नगर स्थित बंगले की है। बीती रात करीब 11.45 से 12 बजे के बीच कर्मचारी ने फांसी लगाई। मृतक की पहचान अर्जुन तिवारी (25वर्ष) के रूप में हुई है। वह मूलतः यूपी का रहने वाला था। करीब डेढ़ साल से बंगले में रहकर अन्य स्टॉफ के लिए खाना बनाने का काम करता था। कर्मी के आत्मघाती कदम उठाने की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल शव का पंचनामा कर बॉडी को मर्च्यूरी में रखवा दिया गया है। साथ परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## आयुक्त ने देखा कबाड़ से जुगाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- महिलाओं द्वारा आकर्षक डिजाईनयुक्त सामग्री बनाकर लोगों को बेच रही

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर को साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासन के तरफ से कबाड़ से जुगाड़ बनाने का थीम दिया गया था। जिसके तहत घरों से निकलने वाले अनुउपयोगी सामग्री से स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आकर्षक डिजाईनयुक्त सामग्री बनाकर लोगों को बेच रही है। जिसको देखकर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय भी आश्चर्य करने लगे। जो सामग्री हम सबके घरो में अनउपयोगी कबाड़ के रूप में फेंक देते है। उसी सबके संकलन से निगम के गार्डनो में आकर्षक झूले, सोफा, कुर्सी, गमले, झूमर आदि बनाये गए हैं। जो लोंगो के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। बच्चे इसमें उपयोग करके ज्यादा आनंदित हो रहें हैं, एक छोटे प्रयास से अच्छा कार्य हो रहा है।



## तेज रफ्तार मेटाडोर सीएसपी कार्यालय मेन गेट में घुसा, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- गुमटी, कार व लोगों को मारी टक्कर

छावनी थाना अंतर्गत नंदिनी रोड पर तेज रफ्तार मेटाडोर ने सड़क किनारे लगी गुमटी, कार और कई लोगों को टक्कर मारते हुए सीधे सीएसपी कार्यालय के मेन गेट में जा घुसा। इसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। घटना की वजह ड्राइवर को मिर्गी की बीमारी होना बताया जा रहा है।

सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मंगलवार दोपहर तीन बजे के करीब उन्हें सूचना मिली की एक टाटा 407 ट्रक सीएसपी कार्यालय के मेन गेट को तोड़ता हुआ अंदर घुस गया है। वो तुरंत अपनी विभागीय बैठक को छोड़कर आए। उन्होंने देखा कि ट्रक काफी तेज रफ्तार में था। उसने सड़क किनारे लगी गुमटी और कार को टक्कर मारा फिर आईटीआई में पढ़ने वाली बच्चियों को टक्कर मारते हुए यहां घुसा है।



### ये लोग हुए घायल

तेज रफ्तार मेटाडोर ने चार लोगों को घायल भी कर दिया। इसमें तीन लड़किया पावर हाउस आईटीआई में पढ़ने वाली और एक फेरी वाला लड़का है। घायल लड़कियों की पहचान डिम्पल साहू (19 साल), गरिमा धृतलारे (17 साल) और मरोदा निवासी नीतू ढाले (19 साल) के रूप में हुई है। वहीं घायल फेरीवाले की पहचान लकी नाम से हुई है। सभी का इलाज जारी है।

### ड्राइवर को मिर्गी दौरा

पुलिस ने बताया कि ट्रक ड्राइवर पी शंकर निवासी खुर्सीपार को गिरफ्तार कर लिया है। उसने बताया कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ गया था। इसके चलते ऐसा हुआ है। ट्रक मालिक लालमन पाल को पुलिस ने बुलाया है। वो आईटीआई के पीछे खुर्सीपार का रहने वाला है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### आईजी ने किया भिलाई नगर कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

## रात में संदिग्ध घूमने वालों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने मंगलवार को नगर पुलिस अधीक्षक, भिलाई नगर कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पिछले वर्षो के समस्त समस्त लंबित अपराधों की सूक्ष्मता से विश्लेषण करते हुए उनके त्वरित और प्रभावी निपटारे हेतु निर्देश दिए।

निरीक्षण में श्री गर्ग ने भिलाई नगर अनुविभाग के समस्त थानों से संबंधित पेंडिंग अपराध, खात्मा, खारजी, रोजनामचा एंट्री, गुम इंसान, और जप्त माल के रखरखाव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने रात्रि गश्त के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने और गुंडा-बदमाशों, चाकूबाजों एवं आदतन अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। इन व्यक्तियों की नियमित चेकिंग और उन पर सख्त कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।



### अपराध, मर्ग, रोजनामचा की जांच की

श्री गर्ग ने कार्यालय में रखे गए महत्वपूर्ण रजिस्टरों जैसे अपराध डायजेस्ट, मर्ग, शिकायत, केस डायरी मूवमेंट, रोजनामचा विवरण, परवाना रजिस्टर आदि की जांच की। उन्होंने वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त निर्देशों के समय पर पालन और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। समस्त कर्मचारियों को ईमानदारी पूर्ण ड्यूटी करने एवं भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी, भिलाई नगर अनुविभाग के समस्त थाना प्रभारी, तथा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय से स्टेनो श्रीनिवास राव, रीडर उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, और पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री


916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## खबर संक्षेप



### श्री सत्य सांई बाबा जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**दुर्ग।** श्री सत्य सांई सेवा समिति द्वारा कसारीडीह वार्ड 44 के प्रशांति निलियम मंदिर में श्री सत्य सांई बाबा की 99वीं जयंती मनाई गई। प्रायोजित कार्यक्रम में संगठन द्वारा निर्देशित और समिति द्वारा संचालित बाल विकास नौनिहालों द्वारा प्रेरक नाटक नृत्य प्रस्तुत किया गया। समिति के गोद लिए ग्राम कोकड़ी के बाल विकास के नौनिहालों ने राउत नाचा, सुआ गीत की की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर धीरज बाकलीवाल और विशेष अतिथि वार्ड 44 पार्षद प्रकाश थे। इस अवसर पर समिति के बीपी पांडे, आईएल साहू, हरिश्चंद ठाकुर, दिलीप ठाकुर, यमला साहू, मीना पांडे, कनक लता कटरे, मंजू तिवारी, चन्द्र कला जोशी, गायत्री ठाकुर, पल्लवी देशपांडे, लता चौधरी, इंद्राणी मिश्रा, इंद्राणी अग्रवाल, वी अन्नपूर्णा राव, सरस्वती साहू आदि मौजूद रहे।

### घर घर तुलसी पूजन दिवस मनाया गया



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू की संस्था द्वारा घर घर तुलसी अभियान दिवस के रूप में 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाने हेतु प्रचार अभियान यात्रा ग्राम भानपुरी में निकाली गई। इस यात्रा में समिति और हरि ओम साधक परिवार के अलावा गांव के बड़े बुजुर्ग लोग भी आए हुए। सभी को तुलसी के अनगिनत फायदे और उपचार भी बताए गए। साथ में सभी 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाने का संकल्प भी लिया। युवा सेवा संघ द्वारा बताया गया कि यह प्रचार यात्रा भिलाई दुर्ग के अलावा देश के 450 आश्रमों, 17000 बालसंस्कार, सैकड़ों महिला मंडल और युवा सेवा संघ देश भर में सभी जगह कराए जा रहे है। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### पंकज यादव ने जीता स्वर्ण पदक



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं जिला योगासन संघ रायगढ़ के तत्वाधान में 5वी व 3री मास्टर स्टेट लेवल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ में 22-24 नवंबर को आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में 18 ज़िले से खिलाड़ी शामिल हुए 1 प्रतियोगिता में दुर्ग ज़िले से प्रतिनिधित्व करते हूए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज यादव अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक जीता 1 योगासन भारत के द्वारा राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कर्नाटक में किया जाएगा, राष्ट्रीय स्तरीय स्पधार् में पंकज यादव चयन किए गए। छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर मेजर सिंह व योगा कोच आनंद सिंह राजपूत ने बधाई दी।

# चुनावी साल में भी पार्षदों को नहीं मिली निधि की फूटी कौड़ी

## निधि की राशि के लाले पड़ गए पार्षद, बुनियादी सुविधा नहीं दे पा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पार्षदों को वार्ड विकास के लिए हर साल छः लाख रूपए की राशि निधि के तौर पर दी जाती है। लेकिन दुर्ग नगरनिगम के साठ वार्ड के पार्षदों को सालभर इंतजार करने के बाद भी फूटी कौडी नही मिली हैं। वार्डवासियों को छोटे-मोटे कार्य अपने स्तर पर कराने का आश्वासन देने वाले पार्षद अब मूंह छुपाते फिर रहे हैं। हालात यह है कि, पार्षद अधोसंरचना निधि से होने वाले कार्य से वार्डवासियों को संतुष्ठ करने में लगे है।

उल्लेखनीय है कि, पार्षदों को राज्य शासन द्वारा हर साल दो किस्तों में राशि उपलब्ध कराती है। वर्ष 2024-25 के वित्तिय वर्ष के मार्च माह में भाजपा की सरकार बन चुकी थी। ऐसे में पार्षदों को उम्मीद थी कि, जल्द ही उन्हें पार्षद निधि की राशि मिल जाएगी। लेकिन भाजपा की सरकार ने अब तक पार्षद निधि की एक भी किस्त जारी नही की है।

हांलाकि इसके पहले लगातार पार्षदों को दो किस्त के रूप में छः लाख रूपए जारी किए गए थे। वर्तमान में यह वित्तिय वर्ष समाप्ति की ओर है, वही आगामी दिनों नगरीय निकाय चुनाव भी है। ऐसे में कुछ करने के बजाय पार्षदों को वार्डवासियों के बीच पानी पानी होना पड रहा हैं।

### अधोसंरचना मद के कार्य से संतोष

हाल ही में नगरनिगम द्वारा करीब आठ करोड रूपए की लागत से वार्डो में निर्माण कार्य कराने टेंडर जारी किए गए थे। प्रक्रिया इतनी शानदार तरीके से की गई कि, टेंडर की बू तक बाहर नही आ पाई। खैर पार्षद निधि नही सही अब अधोसंरचना मद के कार्य से पार्षदों को संतोष होना पड रहा हैं। पूरे चार साल कांग्रेस की सरकार ने निधि जारी की थी। लेकिन इस मुद्दे को बुनाने के बजाय कांग्रेसी मूंह में दही जमाए बैठे हैं।




### सामान्य सभा में उठा था मामला

विगत अक्टूबर माह में हुए सामान्य सभा की आखिरी बैठक में पार्षदो ने निधि की राशि नही मिलने का मुद्दा भी उठाया था। उन्होने चुनाव के बीच निधि की राशि नही मिलने पर नाराजगी जताई थी। इस पर कांग्रेसी पार्षदों ने उनकी सरकार द्वारा पार्षद का मानदेय बढाने और बराबर निधि जारी किए जाने का हवाला देकर भाजपा पार्षदों का घेराव किया था। लेकिन अब तक पार्षदों को निधि की राशि नही मिल पाई हैं।

## लापरवाही : स्वच्छता के नाम पर मानिटरिंग का दिखावा, सेंटर में खाद ही नहीं

# लाखों रुपए का कंपोस्ट शेड कबाड़ कचरों से ढका एसएलआरएम सेंटर

## सैकडों क्विंटल कचरा बेकार, निष्पादन नहीं होने से शहर में गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गीले कचरों से खाद तैयार करने नगरनिगम द्वारा कंपोस्ट शेड मशीन खरीदने मोटी रकम फूंकी गई। लेकिन वर्तमान यह मशीन कबाड पडा हुआ है, यह मशीन प्रशासनिक सिस्टम के लापरवाही को उजागर कर रही हैं। मशीन का उपयोग खाद बनाने के लिए नही किए जाने के कारण एसएलआरएम सेंटर कचरों से ढक गया हैं। खराब होने के बाद इस उपयोगविहिन मशीन को धमधा नाका के सेंटर में रखा गया है, जो पूरी तरह से कबाड में तब्दील हैं।

जानकारी अनुसार इस मशीन के जरिए गीले कचरों से रोजाना 12-13 टन कचरों से खाद बनाने का दावा किया गया था। बगैर प्रशासनिक प्रक्रिया से खरीदे गए इस मशीन को लेकर सामान्य सभा में विवाद की स्थिति निर्मित होती रही। जिसके बाद इस मशीन को धमधा नाका के एसएलआरएम सेंटर में रख दिया गया है। हरिभूमि द्वारा वहां महिला कर्मचारियों से जानकारी भी ली गई। उन्होने बताया कि, मशीन वर्तमान में खराब हैं। इससे यह भी स्पष्ट हो गया है कि, सेंटरों में खाद ही नही बन रहा है। जबकि निगम के अधिकारी कागजों में खाद बनाने का झूठी जानकारी परोस रहे हैं। जबकि सेंटर में कही पर जैविक खाद नही पाया गया। सेंटरों में महिला कर्मचारी रोजाना ईमानदारी से कचरों का घर-घर से एकत्रित कर सेंटर तक ला रहे हैं, इसके एवज में शहरवासी सर्विस चार्ज भी दे रहे है। लेकिन निगम गीले कचरों का सही उपयोग नही कर पा रही है। अगर सभी सेंटर में जांच कराई जाए तो पता चल जाएगा कि कई पर भी जैविक खाद नही बन रहा है। धमधा सेंटर और पुलगांव सेंटर ने इसकी पोल भी खोल दी हैं। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा से संपर्क किया गया, लेकिन उनका मोबाइल लगातार व्यस्त बताता रहा।

**खास बातें**

- एसएलआरएम सेंटरों में खाद बनाने कोई रिकार्ड नहीं
- सेंटर से निकलने वाले कचरों का नही हो रहा निष्पादन
- हर माह कचरे के नाम पर लाखों रूपए खर्च, लेकिन ठोस प्लानिंग नही



### पुलगांव सेंटर कचरों से ढका

पुलगांव एसएलआरएम सेंटर तो कचरों से ढका हुआ है। शहर से निकलने वाले कचरों को यही डंप किया जा रहा हैं। इसके पहले महमरा नदी रोड में डंप किए गए थे। पुलगांव सेंटर में बाढ आने के बाद कचरा डंप करने रोक लगाई गई थी। लेकिन फिर से डंप किया जा रहा हैं। बल्कि यहां से निकलने वाले कचरों को निष्पादन किया जाना है। लेकिन निगम प्रशासन अब तक कचरा निष्पादन करने प्लांट नही लगा पाई है। जबकि शासन से स्वीकृति मिल चुकी हैं।



### रोज निकल रहा 47 टन गीला कचरा

नगरनिगम के पास शहर में दस एसएलआरएम सेंटर है। घर से निकलने वाले कचरों को यहां लेकर जाकर महिलाएं छंटाई करती हैं। यहां गीला और सूखा कचरा अलग किया जाता हैं। गीला कचरे का खाद बनाना हैं और सूखे कचरों को निष्पादन करना है। निष्पादन की दिशा में तो निगम फेल है। वही गीला खाद भी कही नही बन रहा हैं। बताया जा रहा है कि, इस तरह की मशीन बोरसी हाट बाजार में भी हैं। शहर से रोज 47 टन से अधिक गीला कचरा निकल रहा है, अगर निगम इसका सही उपयोग करते तो आय का साधन होता। मगर रिकार्ड में ही खाद बनाया जा रहा हैं।

# संविधान दिवस पर बंटी शैक्षणिक सामग्री



**दुर्ग।** हंसराज नवयुवक मंडल के सदस्यों द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में दुर्ग शहर के उरला पूर्व माध्यमिक विद्यालय व शंकर नगर के महर्षि दयानंद सरस्वती प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को पेन, चाकलेट व कंपास बाक्स वितरित व शपथ दिलवाकर शिक्षा हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के एसजेड बंबार्डे, संतोष सोनी, विश्वकर्मा मेश्राम, अमोल शेंडे, यशवंत ठाकुर, बंटी चौरे, भूपेंद्र साहू, विनोद नागदेवे, प्रीति पांडे व जयवर्धन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में शिक्षकों के अलावा उरला की वार्ड पार्षद सुश्री जमुना साहू व कबीर आश्रम उरला से संत साहेब पूर्णेन्द्र दास मानिकपुरी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित कर अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम से विद्यार्थीगण काफी उत्साहित हुए।

### सुराना महाविद्यालय में मना संविधान दिवस



**दुर्ग।** सेठ रतनचंद सुराना विधि महाविद्यालय दुर्ग में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रज्ञा पचौरी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग नें संविधान के मूल तत्वों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि आ. प्रवीण चंद्र तिवारी, अध्यक्ष जिला शिक्षण समिति दुर्ग ने संविधान के महत्व को समझाया। विशिष्ट अतिथि आ. बालमुकुन्द चंद्राकर शासकीय अभिभाषक, लोक अभियोजक दुर्ग ने समाज में संविधान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य अखिलेश अग्रवाल ने संविधान दिवस आयोजित करने के आवश्यकता की जानकारी दी। शासी निकाय सेठ र.च.सु विधि महा. दुर्ग के अध्यक्ष प्रहलाद तिवारी ने समस्त अतिथियों एवं विद्यार्थियों को संविधान दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम का सफल संचालन दुर्ग जिला शिक्षण समिति के सचिव दिलीप इंगले द्वारा किया गया। अन्त में अतिथियों का आभार महा. की सहा. प्रा. सीमा शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षण समिति के सदस्य अनिल सुराना, शासी निकाय सदस्य, सत्येंद्र ठाकुर, सहा. प्रा. मनोज मिश्रा, सुश्री भाग्यश्री नातू, सेठ र.च.सु. कला एवं वाणिज्य महा. के प्राचार्या डॉ. पूजा मल्होत्रा, सहा. प्रा. निधि मिश्रा, श्रीमती दुर्गा शुक्ला, सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महा. के सहा. प्रा. मो. हारून रसीद उपस्थित थें।

# ग्राम पंचायत महमरा में जन-जागरुकता के लिए गांव में निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत महमरा जनपद पंचायत दुर्ग में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।

- ओडीएफ प्लस स्थायित्व बनाए रखने की अपील



श्रीमती खेमेश्वरी निषाद सरपंच द्वारा रात्रि चौपाल के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को ग्राम में ओडीएफ प्लस स्थायित्व बनाए रखने हेतु अपील की गई। रविशंकर सिंह खुसरोंए विकासखंड समन्वयक द्वारा हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। शौचालय के नियमित उपयोग से होने वाले लाभ, शौच के बाद एवं भोजन से पूर्व साबुन से हाथ धोने से होने वाले लाभ के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। ग्राम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सेग्रीगेशन वर्कशेड का निर्माण किया गया है। स्वच्छाग्राहियों द्वारा ग्राम में प्रति सप्ताह घर-घर कचरा एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा घर से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट को स्वच्छाग्राहियों को ही प्रदान किये जाने हेतु कहा गया। सरपंच द्वारा जानकारी दी गई कि ग्राम में लगभग 400 परिवार निवासरत है, सभी परिवारो से स्वच्छता स्थायित्व बनाए रखने हेतु प्रतिमाह प्रति परिवार 30 रू यूजर चार्ज एकत्र किया जा रहा है। जिसका उपयोग ग्राम की साफ-सफाई, संचालन संधारण एवं स्वच्छाग्राहियों को मानदेय प्रदान करने में किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा चौपाल बैठक के दौरान अपने ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने के लिये शपथ लिया गया। चौपाल बैठक के बाद स्वच्छता जागरूकता हेतु ग्राम पंचायत में मशाल रैली निकाली गई। रैली में श्रीमती नर्मदा ठाकुर, पंच, श्रीमती रेशमी मेश्राम, पंच शिव कुमार निषाद, गंगा प्रसाद निषाद, सुश्री लीला साहू, सुश्री सुल्ताना निषाद मौजूद थे।

### एनसीसी शिविर में कैडेटों ने सीखा बंदूक चलाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी अंजोरा द्वारा संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में शामिल हुये 375 एनसीसी कैडेटों को आज एसटीएफ दुर्ग के फायरिंग रेंज में सेना के जवानों द्वारा रायफल चलाने का अभ्यास कराया गया। इस शिविर में कैडेटों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, जिनमें रायफल चलाने का अभ्यास भी शामिल है। इस प्रशिक्षण के दौरान, कैडेटों को सेना के जवानों द्वारा रायफल चलाने के तरीके के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें रायफल के विभिन्न हिस्सों के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें रायफल चलाने का अभ्यास कराया गया।

# दाई-दीदी क्लिनिक का छात्राएं व शिक्षिकाओं ने उठाया लाभ, छात्राओं को किया दवा का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ननि कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं शिविर के नोडल अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में वार्ड नंबर 13 मोहन नगर में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना दाई-दीदी क्लिनिक के माध्यम से विशेष कैम्प घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविधालय में लगाया गया। जिसमें नगर निगम दुर्ग द्वारा संचालित दाई-दीदी क्लीनिक को विशेष रूप से महाविद्यालय की शिक्षिका एवं छात्राओं के लिए लगाया गया। जहां महिला चिकित्सक एवं महिला स्टाफ द्वारा महाविद्यालय के छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में महिला चिकित्सक होने से महाविद्यालय की छात्राओं ने निःसंकोच अपनी समस्याएं बताई। जिस पर उपस्थित डॉ श्वेता कृपलानी द्वारा परामर्श एवं उपचार किया गया। शिविर में एपीएम मनीष यादव, डॉ श्वेता कृपलानी,लैब टेक्निशियन राजेश्वरी सिन्हा, नर्स. चंद्रकला फार्मासिस्ट विधि साहू उपस्थित रहे।

- घनश्याम सिंह आर्य कन्या कालेज में लगाया शिविर



शिविर में कुल 68 छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने लैब टेस्ट के माध्यम से अपना ब्लड जांच करवाया। जिसमें 10 ब्लड ग्रुप एवं 30 हीमोग्लोबिन तथा 06 शिक्षिकाओं ने थाइरॉइड प्रोफाइल, 12 विटामिन, डी 3 जांच करवाया। कुल 99 छात्राओं को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गयी।

स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु महाविद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्रीमती नीतू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा तथा इसी प्रकार प्रतिमाह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में किए जाने हेतु सुनिश्चित किया गया। शिविर के दौरान डॉ श्वेता कृपलानी ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए एवं नियमित रूप से परीक्षण कराते रहना चाहिए।

## कलेक्टर ने राज्य शासन को संचालकों के नाम भेजने दिए निर्देश

# घुमंतू पशुओं का जिम्मा उठाएंगे प्रायवेट गौशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आवारा घुमंतु पशुओं को राहत देने के लिए निजी गौशाल संचालको की मदद ली जाएगी। कलेक्टर ने ऐसे संचालको के नामों की सूची बनाने के निर्देश दिए है, जिसे राज्य शासन को भेजा जाएगा। संचालको को हर साल मवेशी के लिए अनुदान राशि भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

- कलेक्टर ने टीएल की बैठक में दिए निर्देश

टीएल की बैठक में कलेक्टर ने सत्तर प्लस आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड बनाने निकायवार जानकारी ली। जिले में 2.5 लाख आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है, जिसमें 87 हजार सत्तर प्लस आयु वर्ग के लोग शामिल है। ऐसे लोगों का आयुष्मान कार्ड डोर-टू-डोर अभियान चलाकर बनाया जाए। मृत व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड से हटाने एवं पेंशन आदि से भी विलोपित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत नॉन डीबीटी हितग्राहियों की जांच करने और आधार अपडेशन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। स्कूल जतन योजना अंतर्गत निर्मित कार्यों का टीम बनाकर जांच कराने जिला पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया।





### पंचायत के गबन राशि की होगी वसूली

जिले के ऐसे स्कूल जहां अभी तक नेवता भोज का आयोजन नहीं किया गया है, संबंधित जनपद सीईओ बीईओ से जानकारी प्राप्त कर स्कूली बच्चों के लिए यह आयोजन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने पंचायत राशि गबन की जानकारी ली। साथ ही संबंधित एसडीएम को वसूली हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार 15 वर्ष से अधिक पुराने शासकीय वाहनों के स्क्रेपिंग करने कहा हैं।

### पीडीएस से अवैध चावल बिक्री पर लगाए रोक

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने धान खरीदी की समीक्षा के दौरान उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान एवं बफर लिमिट को ध्यान में रखते हुए धान का उठाव भी समय पर सुनिश्चित कराने डीएमओ एवं संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया। उन्होंने राशन कार्ड के रिनिवल नहीं होने की स्थिति में संबंधित राशन दुकान के माध्यम से केवायसी कराने खाद्य नियंत्रक को निर्देशित किया। इसी प्रकार पीडीएस चावल की रिसायकलिंग रोकने जांच दल द्वारा सक्रियता पूर्वक कार्य सुनिश्चित करने कहा।

### दावा आपत्ति 6 दिसम्बर तक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा गठित समिति द्वारा अनुसंशित, राजस्व विभाग नगर पालिक निगम दुर्ग प्रधानमंत्री आवास योजना के एमआईएस पोर्टल एसीएलएसएस डेटा से मिलान पश्चात पात्र-अपात्र की सूची आपत्ति दावा हेतु जारी की जा रही है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था अथवा समूह को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा हो तो 22 नवंबर से 6 दिसम्बर तक लिखित रूप से आपत्ति दावा किया जा सकता है।6 दिसम्बर 2024 के उपरान्त किसी भी प्रकार का आपत्ति दावा अमान्य होगा। मोर मकान.मोर आस अंतर्गत पात्र-अपात्र की सूची को विभागीय वेबसाईट में देखा जा सकता है तथा यह सूची नगर निगम के मुख्य कार्यालय में एवं डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में चस्पा किया गया है।

# संविधान दिवस मनाया और शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** संविधान दिवस 26 नवंबर को कलेक्टर परिसर पर मनाया गया। पूर्व विधायक अरुण वोरा कहा कि, आज के दिन भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसे 26 नवंबर, 1949 को अपनाया गया था। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है और इसमें 444 लेख और 12 अनुसूचियां हैं। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को भारत का संविधान निर्माता माना जाता है। वही दुर्ग शहर के (शहीद चौक) ग्रीन चौक दुर्ग पर एकत्रित हो कर कांग्रेस जनो 26/11 के मुंबई पर आतंकी हमले पर शहीद जवानों और नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस शहर अध्यक्ष गया पटेल, परमजीत सिंह भुई, प्रदेश महासचिव संदीप वोरा, संजय कोहले ब्लॉक अध्यक्ष महीप सिंह भुवाल, कांग्रेस पूर्वी ब्लॉक राजकुमार पाली, कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक अजय मिश्रा, युवा कांग्रेस के महासचिव मोहित वालदे, महामंत्री जितेन्द तिवारी, शशांक सनी साहू, कृष्ण कुमार देवांगन, कल्याण सिंह ठाकुर देव सिन्हा, एनी पीटर, वदना चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बाल मेला में बच्चों ने व्यंजनों का लगाया स्टाल

**उतई।** शासकीय प्राथमिक शाला डूमरडीह में बाल मेला का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक के बच्चों ने इटली, चना चटपटी, भेल, चाइनीज पकोड़ा, मिर्ची पकोड़ा, ब्रेड पकोड़ा , मोमोज, अप्पे, अंकुरित भेल जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टाल लगाया इन व्यंजनों का स्कूली बच्चों टीचर के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने लुप्त उठाया। शाला प्रधान पाठक दुलारी चंद्राकर ने बाल मेले का सराहना की। शाला शिक्षिका शारदा खेवर ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और बाल मेले के माध्यम से बच्चों को स्वरोजगार के बारे में बताया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला डूमरडीह के प्रधान पाठक दुलारी चंद्राकर,शिक्षक गण शारदा खेवार, तेश्वरी साहू,राजेश्वरी देशमुख, विद्या सिंह, साजिद खान, कुंदन बंजारे स्कूली बच्चों व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। हिमेश,रागनी निखिल, शिवम, निकिता, आलिया, वीर बंजारे, ईशा, मानसी,आदित्य, सोनम, करिश्मा, पूर्वी, ज्योति, रूद्र, नैतिक, वंश, चिराग, आयुष, नेहा, रिया, अदिति, लवली इन बच्चों ने अपने सहपाठियों के साथ मिलकर स्टाल लगाया था।

### नए प्राचार्य डॉ. नंदा से की मुलाकात

**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चन्द्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के नए प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा से जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने गुलदस्ता भेंट कर सौजन्य मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने अध्यक्ष और सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर विभिन्न विषयों में चर्चा की। इस अवसर पर राधे यादव, नारायण पटेल, सागर सोनी, केवल देवांगन, वेदप्रकाश वर्मा, मिलन देवांगन, देवेन्द्र ठाकुर, आदित्य सावर्णी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### रात के अंधेरे में होता है भारी मात्रा में रेत खनन

# शिवनाथ नदी में प्रशासनिक अधिकारियों की आड़ में हो रहा है अवैध रेत खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

**जानकारी होने के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं**

ब्लॉक मुख्यालय के दानीकोकड़ी शिवनाथ नदी में खनिज माफिया द्वारा शिवनाथ नदी से रोजाना दर्जनों ट्रक रेत निकाली जा रही है। खनिज विभाग के उदासीन रवैये के चलते खनिज माफिया सक्रिय हो रहे हैं। नदी में रोजाना अवैध उत्खनन कर हाइवा से रेत ले जाई जा रही है। रात के अंधेरे में सैकड़ों हाइवा रोजाना निकल रहा है, जिससे राजस्व का चूना लग रहा है। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद वे चुप्पी साधे हुए हैं। शिकायतें होने पर प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई न करने से अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद है और वह लगातार अवैध उत्खनन करने में जुटे हुए हैं। उत्खनन करने वालों की राजनीतिक व प्रशासनिक पकड़- खनिज माफियाओं की राजनीतिक व प्रशासनिक अच्छी पकड़ को दर्शा रहा है। इस कारण क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर राजस्व को चूना लगा रहे हैं, वहीं अधिकारी भी इसे नजर अंदाज कर अनुचित लाभ ले रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक अवैध उत्खनन करने वालों की अच्छी पकड़ देखी जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों की आड़ में उत्खनन करने में जुटे हुए हैं। धमधा क्षेत्र में अवैध रेत खनन कर रहे हैं। यूं कहे कि प्रशासन की मिलीभगत के चलते ही अवैध रेत खनन का खेल नियमित रूप से चल रहा है जिसके चलते अब खनन माफिया रात के अंधेरे इंतजार कर अपना काम चालू कर देते है। सरेआम धड़ल्ले से रेत खनन का कार्य किया जा रहा है।





#### कार्रवाई नही होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त

ग्राम दानी कोकड़ी सरपंच अश्वनी कुमार ने बताया कि ग्रामीणों व पंच के साथ एसडीएम सोनल डेविड के पास कार्यालय में इस अवैध रेत खनन करने की शिकायत 10 दिन पूर्व से ही दी जा चुकी है जिसके बाद भी इसमें कोई कार्यवाही नही होने पर जन दर्शन पर कलेक्टर के पास भी शिकायत किया गया है जिसमे आज तक कोई कार्यवाही नही होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि खनिज अधिकारी कार्य प्रारंभ होने के पहले मोके पर पहुँचने के बावजूद चैन मॉन्टेन्ट को देख रेत माफिया को समझाइस देने के बाद बिना कार्यवाही किये उल्टे पाव जिला कार्यालय की ओर वापस चल पड़े।

#### दोषियों पर होगी कार्रवाई

इस मामले पर क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि इस प्रकार से हो रहे रेत खनन की जानकारी नही है। ऐसा कार्य अगर हो रहा है तो तत्काल कार्यवाही करने अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा दोषियों के ऊपर कार्यवाही होगी। सूत्रों से मिली जानकारी से बताई जा रही है कि इस उत्खनन की जानकारी जनप्रतिनिधियों को होने के बावजूद विगत 7 दिन से कार्यवाही नही होने से ग्रामीण काफी परेशान है जिसमे शासन प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी कोई भी कार्यवाही नही हो रहा है इन माफियाओं को संरक्षण देने का कार्य अधिकारी बढ़ चढ़कर कर रहे है। सोनल डेविड एसडीएम धमधा ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है आज ही खनिज विभाग के साथ मिलकर कार्यवाही की जाएगी। वहीं दीपक मिश्रा जिला खनिज अधिकारी दुर्ग ने कहा कि आज रात ही टीम के साथ मिलकर अवैध खनन करने वाले के ऊपर कार्यवाही की जाएगी।

## अंचल की खबरें

### प्राधिकृत अध्यक्षों को मिली जिम्मेदारी





**पाटन।** पाटन में सेवा सहकारी समितियों में अध्यक्षों की नियुक्ति सरकार द्वारा कर दी गई है जिसमें पाटन के नागेंद्र कश्यप (अखरा) निवासी और उसी प्रकार बारिद से संतोष घिरवानी को प्राधिकृत अध्यक्ष नियुक्त किया और ग्राम पन्दर निवासी संतोष वर्मा को भी सोसायटी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। इस अवसर पर गॉव के ग्रामीणों ने बधाई दिए। प्राधिकृत अधिकारी बनाए जाने पर सोसायटी अध्यक्षों ने सांसद विजय बघेल और तीनों मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर और खेमलाल साहू और लालेश्वर साहू और भारतीय जनता पार्टी पाटन के नगर अध्यक्ष होरीलाल देवांगन का आभार व्यक्त किया है। वहीं क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में और शक्ति केंद्र के प्रभारी को धन्यवाद व्यक्त किये।

### सभी समाज को एकजुटता दिखाने की आवश्यकता: भूपेश



**पाटन।** ग्राम केसरा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभिन्न विकास कार्यों 42.5 लाख के भूमिपूजन एवं लोकार्पण सौगातों की बरसात कर सहस्त्रबाहु जयंती मनाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज हम सहस्त्र बाहु, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जयंती मना रहे हैं। आज हमारी महिला शक्ति, युवाओं, सियान को सामाजिक क्षेत्र में योगदान देते हुए विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को दूर करते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है। केसरा में भी सिन्हा, निषाद, पटेल समाज के लिए भवन के लिए राशि उपलब्ध कराकर लोकार्पण, भूमिपूजन कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य सभी समाजों को सुविधाएं दिलाने के साथ आने वाली पीढ़ी को संबल बनाना था।पहले हम सरकार में रहकर सेवा दिए आज विपक्ष में रहकर सभी वर्गों के हित में लड़ाई जारी है। इस अवसर पर समाज के मेघावी छात्र डा परमानंद सिन्हा,दानदाता परदेशी सिन्हा,छग़ शासन से सम्मानित बहादुर कलारिन चित्ररेखा सिन्हा को भी समाज के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान प्रदान किए। समारोह को गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, युवराज सिन्हा प्रांतीय अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रिखी राम सिन्हा प्रांतीय महामंत्री, डॉ. बिसंभर सिन्हा, सुरेश सिन्हा, डॉ. भुनेश्वर सिन्हा संरक्षक, अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, दिनेश साहू सभापति जप, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, आशीष वर्मा पूर्व ओएसडी, रिखी सिन्हा मंडेश्वर, भागवत सिन्हा सरपंच, तेजराम सिन्हा क्षेत्राधिकारी, देवकुमार निषाद, डा ईश्वर निषाद, लक्ष्मीनारायण पटेल, चोवाराम सिन्हा, चंद्रशेखर सिन्हा, डिकेन्द्र गजेंद्र, नरेश सिन्हा, मनहरण सिन्हा, संतोष सिन्ह आदि उपस्थित थे।

### बौद्धिक परिचर्चा में स्वयंसेवकों का किया मार्गदर्शन




**अंडा।** माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम डंगनिया में सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर बौद्धिक परिचर्चा सत्र में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ स्वयंसेवक सत्येन्द्र साहू राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, कौशल गजेन्द्र राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्रेष्ठ स्वयंसेवक, यशवंत कुमार टंडन राज्य स्तरीय पुरस्कृत स्वयंसेवक, देवेन्द्र कुमार साहू राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्रेष्ठ स्वयंसेवक, धनेश साहू, कल्पना बम्बोड़े, ऋचा साहू व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस परिचर्चा में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें नशा मुक्त समाज, सामाजिक जिम्मेदारी, और पर्यावरण संरक्षण शामिल थे। इस परिचर्चा में विशेषज्ञों और छात्रों ने भाग लिया और अपने विचारों को साझा किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सत्येन्द्र साहू ने कहा, 'हमारा उद्देश्य छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में जागरूक करना और उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करना है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में समस्याओं का अंबार, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन नगर पंचायत में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में एक बार फिर अपने छवि खराब करने में अव्वल रही है। पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक समय में अपने कामों और नाम और पहचान के नाम से जाने वाले सामुदायिक केंद्र एक बार फिर शर्मशार करने में कोई कसर नही छोड़ा, आखिर ऐसे ही समस्या पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही क्यो आती है क्या पाटन बीएमओ बी कठौतिया को क्यों जानकारी नही रहती कि अपने ही मूल दफ्तर में इस तरह से समस्या सामने आती है। आपको बता दें कि पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब नाम का रह गया है क्योंकि यहां मरीज ठीक होते ही नही बल्कि मरीज खुद ब खुद मरीज बन जाती है क्योकि पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता अभियान यही से देखने को मिलता है। सामुदायिक भवन में वार्ड के 11 नंबर रूम में ऐसे तस्वीर मिला कि आप देखकर भी दंग रह जाएंगे। यहां पर रूम में मरीज के बैड के बगल में एक खिड़की लगी हुई है जिसमें कूलर लगा है उसमें चाय की डिस्पोजल की भंडार लगी हुई है क्या पाटन बीएमओ बी कठौतिया वार्डों को नही दखते या फिर अपने केबिन से बाहर नही देखते अगर बीएमओ साहब एक बार भी देखते तो शायद ऐसे स्थिति देखने को नही मिलती। सूत्रों से पता चला है कि वहाँ के स्वच्छता के नाम पर वाहवाही लुटाती है एक तरफ शासन प्रशासन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है लेकिन या अभियान सिर्फ दिखावा में ही दम तोड़ दी है क्योकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसे बुरे हालत है जो आम जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



#### हमेशा मिलती रहती है शिकायत

पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपने अलग अलग अंदाज में नाम कमाती है कभी एक्सपायरी दवाइयों मरीजो को देती है जिसकी समय सीमा समाप्त हो जाती है तो कभी वहाँ के डॉक्टरों का अलग से क्लीनिक खोलने की शिकायत मिलती है] तो सामुदायिक भवन में आये मरीजों को प्राइवेट किशोर मेडिकल स्टोर में दवाई लेने को चिट्ठी लिख कर दवाई लेने को बोला जाता है। ऐसे ही गंभीर समस्या और शिकायत मिलती है या किसी डाक्टर के बारे में एक नर्स को पूछने पर पहले बहस किया जाता है तब कही डाक्टर के पता बताई जाती है। आपको बता दे कि हरिभूमि ने ऐसे गंभीर मुद्दा को लेकर लगातार पूरे जनता के सामने रखा था और जनता के हितों के लिए कार्य किये ताकि जनता को किसी भी समस्य का सामना ना करना पड़े और बेहतर ईलाज का फायदा मिल सके ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की भविष्य में कोई संकट ना मिले अब देखा जाना है कि इस गंभीर समस्या और स्वच्छता का आलम को उच्च अधिकारी के द्वारा क्या कार्यवाही करता है या फिर खुला छूट मिलेगी। वहीं इस संदर्भ में जब हरिभूमि ने स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉक्टर मनोज कुमार दानी को फोन लगाया गया तो कॉल रिसीव नहीं किया।

### मंगला गौरी धाम में भैरो बाबा का जन्मोत्सव मनाया



**धमधा।** मंगला गौरी धाम देवरी में बड़े ही धूमधाम से भैरो बाबा का जनमोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आसपास के ग्रामीण भैरो बाबा का पूजा अर्चना करने एवं अपनी मनोकामना पूर्ण करने पहुँचे। पुजारी नंदिनीलाल खिलेश्वर महाराज ने बताया कि मंगला गौरी धाम पिछले 21 वर्ष से धमधा देवकर मुख्य मार्ग देवरी में स्थापित है और हजारों भक्त इस मंदिर में माथा टेकने एवम अपनी मनोकामना पूर्ण करने आते हैं। इस मंदिर में नवरात्रि में, छेरछेरा पुन्नी में एवं अन्य समय आयोजन होते रहता है जहां हजारों भक्त आते हैं। मान्यता है कि यहां जो भी भक्त अपनी मनोकामना लेकर आते हैं, सच्चे मन से पूजा करने से उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर में सेवा कार्यक्रम लगातार चलते रहता है।

## बिजनेस साइट

### कुटेलीभाठा के कृषक ने की केएस-9300 हार्वेस्टिंग मशीन की खरीददारी




**भिलाई।** धान का कटोरा कहलाने वाले छत्तीसगढ़ का कटोरा धानरूपी फसलों से लबालब होता दिखाई दे रहा है। समस्त छत्तीसगढ़ के कृषकों के चेहरों पर फसलों से प्राप्त होने वाली आय की खुशियां चेहरों पर एक क्रांतिनुमा महसूस करा रही हैं ऐसे में बालोद जिले के कृषक कहां पीछे रहने वाले हैं। लौह अयस्क खनिज तत्व पत्थरों, फर्शियों को अपने गर्भ से उड़ेलने के साथ साथ धान की पैदावार करने वाली महतारी आज पुरे देश में लौहअयस्क की पूर्ति करते करते स्वयं ही खाईनुमा पथरीली बंजर होकर भी अपने पुत्ररूपी कृषकों के आर्थिक पोषण करने में मातृत्व का फर्ज निभाने में अपनी अनूठी भूमिका निभाते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में एक मिशाल कायम कर रही है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है कृषि प्रधान देश केवल धरातल के क्षेत्रफल रूपी ना होकर अत्याधुनिक कृषि औद्योगिकी में भी अग्रणी है। ऐसे औद्योगिकी में कुछ औद्योगिकी ऐसी है जो 'बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा' केर तर्ज पर कार्य करते हुए सदियों से देश के कृषकों का विश्वास जमाकर आज कृषकों को मशीनरीयों के खरीददारी हेतु कतारबध्दता में देखा जा रहा है। इसी कड़ी में गुंडरदेही खुटेलीभाटा के कृषक दिलेश्वर साहू ने अपने आप को आर्थिक सुदृढ़ता संपन्नता की ओर अग्रसर करते हुए एक हार्वेस्टिंग मशीन होने के बावजूद दूसरी मशीन केएस-9300 की खरीददारी करने के लिए कमला मोटर्स दुर्ग अपने पूरे परिवार के साथ आकर खरीददारी कर स्वयं ही नहीं अपितु पूरे खुटेलीभाटा के कृषकों में ऊर्जा की नई तरंग ला दी। यंत्र की चाबी प्रदान करते हुए अतिथि मां भवानी क्रेन के संचालक पुत्र अंशु राजपूत एवं भजन सिंह कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, आगंतुक नंदिता सामंत, बरमेचा टेक्सटाइल की लेखाधिकारी मधु ढीमर, आगंतुक राधा साहू। मशीन की चाबी ग्रहण करते हुए मूलचंद चपरिया, मिलाऊ राम साहू, बालमुकुंद साहू, लक्की साहू, सुनील कुमार साहू, दिलेश्वर प्रसाद साहू, द्रौपदी साहू एवं ग्राम खुटेलीभाटा के कृषकगण।

### आलबरस में प्राधिकृत अध्यक्ष प्रताप ने किया पदभार ग्रहण



**निकुम।** ग्राम आलबरस में संचालित सेवा सहकारी समिति में सर्मथन मूल्य पर धान खरीदी जारी है, जहां प्राधिकृत अध्यक्ष प्रताप यादव ने विधिवत पद भार ग्रहण करने पर पहुचे किसानो, सरपंच, पंचो व भाजपा मंडल अंजोरा से पहुचे जनप्रतिनिधियों ने जमकर कर स्वागत किया ,वही इस अवसर पर नये समिति अध्यक्ष प्रताप यादव ने कहा कि किसानो की सेवा करना मेरा पहला कर्तव्य है, खरीदी ब्रिकी में कोई परेशानी ना हो, धान का परिवहन समय पर हो । समय पर किसानो को टोकन सुविधा मिले। इस अवसर पर अंजोरा मंडल महामंत्री लिकेश्वर देशमुख ,लक्ष्मण देशमुख, अशोक हरमुख , गजानंद यादव आदि उपस्थित थे।

### चंदखुरी स्कूल के बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में शनिवार को बस्ताहीन शाला में बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे छत्तीसगढ़ी सुवा नृत्य, रारुत नाचा प्रस्तुत कर बच्चों, शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति सदस्यों का मंत्रमुग्ध कर दी। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू और प्रधान पाठक बाबूराय साहू ने सरस्वती मां की तैलचित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक त्रिभुवन देशमुख, देवकीनंदन शर्मा समन्वयक, चेतन साहू, स्वाति प्रसाद, सुनीता पालरकर, विजयादशमी पाटिल, पुष्पा गजेन्द्र, संतोष शर्मा, योगेश्वरी आदि उपस्थित थे।

### सभी प्रकार की पथरी का सटीक और आधुनिक इलाज, आरोग्यम हॉस्पिटल में



**भिलाई।** अब पथरी की किसी भी समस्या के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग में पथरी और संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए अत्याधुनिक सेवाएं उपलब्ध हैं। यह अस्पताल एक ही छत के नीचे किडनी स्टोन, यूरिनरी ट्रैक्ट स्टोन, गॉल ब्लैडर स्टोन (CBD स्टोन), और सबमंडिबुलर डक्ट पथरी जैसी सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान प्रदान करता है। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में पथरी के सभी प्रकार का इलाज आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम जिसमें डॉ. नवीन राम दारुका पथरी, किडनी एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन), डॉ. तरुण नायक जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन), डॉ जीवनलाल घीदले (वरिष्ठ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट, डॉ. नमन पिंचा कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है। चाहे वह जटिल स्थिति हो या साधारण पथरी का मामला, यहां हर मरीज को सटीक निदान और व्यक्तिगत देखभाल मिलती है। आरोग्यम हॉस्पिटल में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की अत्याधुनिक तकनीक से पथरी की सर्जरी की जाती है जो पारंपरिक सर्जरी के मुकाबले, काफी उन्नत सर्जरी है, जो मरीजों के लिए कम दर्दनाक है और जल्दी रिकवरी प्रदान करता है। कॉमन बाइल डक्ट (CBD) स्टोन की समस्या के लिए आरोग्यम हॉस्पिटल में विशेष तकनीकों और विशेषज्ञता के साथ इलाज उपलब्ध है। यह इलाज कम खर्च में और बिना अधिक जटिलताओं के किया जाता है। सबमंडिबुलर डक्ट पथरी या इससे जुड़ी अन्य समस्याओं के लिए भी यहां एडवांस सर्जिकल और नॉन-सर्जिकल ट्रीटमेंट दिए जाते हैं। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुभवी टीम, अत्याधुनिक तकनीक और उपकरण, किफायती और प्रभावी इलाज, सभी प्रकार की पथरी का समाधान एक ही स्थान पर, उन्नत लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सुविधा है जो आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल को अन्य अस्पतालों से बेहतर बनाता है।

न्यायालय तहसीलदार बोरी,
जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-202411102700016/ब-121 / वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शंकरलाल साहू पिता दुखितराम साहू निवासी ग्राम छोटे पुरदा, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम पुरदा, प.ह.नं.-07, रा.नि.मं. बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग में उनके स्वयं का जन्म दिनांक 28/08/1961 को ग्राम छोटे पुरदा, तहसील बोरी, जिला दुर्ग में होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र आदेश प्रदाय बाबत आवेदन पत्र मय शपथ-पत्र, पुलीस जॉच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय दुर्ग का अनुपलब्धता प्रमाणपत्र संलग्न कर पेश किया गया है जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदक को उनके स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 28/11/2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)



## खबर संक्षेप

### कोर्ट ने आरक्षक भर्ती लगाई रोक

ाई। हाई कोर्ट बिलासपुर ने क्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा पर रोक ) लगा दी है। स्थगनादेश आने द एसपी जितेंद्र शुक्ला ने या कि भर्ती प्रक्रिया आगामी श तक स्थगित की जाती है। प्रक्रिया फिर से प्रारंभ होने तिथि की जानकारी प्रथक से दी गी।

### न ने की कार्रवाई

ाई। नगर निगम भिलाई द्वारा एक के तहत वार्ड दस सुपेला ट में विभिन्न व्यवसायों के सायियों के खिलाफ चालानी वाई की गई। सिंगल यूज स्टिक और व्यवसाय परिसर फल ठेलों में गंदगी पाए जाने थक गीला सूखा कचरा नहीं जाने पर चालानी कार्रवाई कर 0 रुपए का चालान काटा गया। गीय दस्ते ने गंदगी व नियमों ल्लंघन नहीं करने पर वनी दी।

### सपी अंतर विभागीय मिंटन स्पर्धा चयन की म तिथि 6 दिसंबर

ाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के , सांस्कृतिक एवं नागरिक धायें विभाग द्वारा अंतर गीय बैडमिंटन प्रतियोगिता ष एवं महिला) का आयोजन ने 12 दिसंबर तक इंडोर डयम, सिविक सेंटर में किया गा। प्रतियोगिता में बीएसपी नियमित कर्मचारी भाग ले ते हैं। विगत 3 में सीनियर ल बैडमिंटन प्रतियोगिता में ाई इस्पात संयंत्र का निधित्व करने वाले और य वरियता प्राप्त खिलाड़ी इस योगिता में भाग लेने के पात्र होंगे। प्रविष्ठि जमा करने की म तारीख 6 दिसंबर रित की गई है। इच्छुक चारी अपनी प्रविष्ठि अपने ग प्रमुख के माध्यम से , सांस्कृतिक एवं नागरिक धायें विभाग के कार्यालय, रो हास्टल सेक्टर–4 में लिय समय के दौरान भेज ते हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता में ल टीम स्पर्धा के मैच खेले गे, जिसमें प्रथम एकल, फिर , और अंत में पुनः एकल होगा। 2 मैच जीतने वाली विजेता होगी। प्रतियोगिता आउट पद्धति से खेली गी। प्रत्येक टीम में कम से 2 और अधिकतम 4 ाड़ी भाग ले सकते हैं।

# मोर संगवारी ने घरों में जाकर 30 हजार 533 सर्टिफिकेट बनाकर दि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मोर संगवारी सेवा योजना से लोगों को घर बैठे सर्टिफिकेट बनाकर दिए जा रहे हैं। भिलाई निगम के अंतर्गत 30 हजार 533 आवेदन बनाकर लोगों को लाभ पहुंचाया गया है। खास बात यह है कि नगरीय निकायों में प्रदेश में नागरिकों को सर्टिफिकेट डिलीवरी करने में नगर पालिक निगम भिलाई का तृतीय स्थान है। नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ घर बैठे कम समय में दिये जाने हेतु मोर संगवारी सेवा शुभारंभ 1 मई 2022 से किया है। यह योजना छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगमों मे चल रही है।

लोगों को सुविधाएं लेने के इसके लिए शासन ने टोल फ्र 14545 जारी किया है। जिस फोन करके संगवारी एजेंट माध्यम से नागरिक कई प्रका सुविधाओं का लाभ ले सकत नगर निगम भिलाई द्वारा अभी 30533 आवेदन बनाकर नाग को लाभ पहुंचाया गया है।

## 4545 पर फोन करने पर मोर संगवारी घर पर आकर काम करके देगा

### विवाह, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बना रहे

मोर संगवारी योजना के तहत विवाह प्रमाण पत्र के कुल-2219 आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र के कुल-394 आवेदन, जन्म प्रमाण के कुल-732 आवेदन, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमास्ता लाइसेंस के कुल-331 आवेदन, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन कुल-10031 आवेदन, पैन कार्ड सेवा के कुल-253 आवेदन, आधार मोबाईल नम्बर अपडेट के कुल-11074 आवेदन, मूल निवास प्रमाण पत्र के कुल-1311 आवेदन, अनुसुचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के कुल-56 आवेदन, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के कुल-266 आवदेन, आय प्रमाण पत्र के कुल-2839 आवेदन, एपीएल राशन कार्ड के कुल-231 आवेदन, विवाह सुधार के कुल-93 आवेदन बनाकर दिये जा चुके है।



### समय व पैसे की हो रही बचत

शासन के इस अत्यंत उपयोगी योजना से न सिर्फ नागरिकों को घर बैठे शासकीय सेवाओं का लाभ मिला है बल्कि लोगों के समय और पैसे की भी बचत हो रही है, साथ ही साथ सरकारी काम में भी तेजी आयी है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में शासन की इस जनउपयोगी योजना का लाभ उठाएं। इस योजना का उद्देश्य है नागरिकों को शासकीय कार्यालयों बार-बार जाना न पड़े, घर बैठे-बैठे काम हो जाए।

## भूमाफियाओं की मनमानी और रेरा का हो रहा उल्लंघन

# ट्विनसिटी के चारों ओर तेजी से बढ़ रही कालोनियां, अंधाधुंध निर्माण से प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्विनसिटी के चारों ओर तेजी से फैल रहे कांक्रीट के जंगल लहलहाते खेतों और दरख्तों को निगल रहे हैं। नियोजित पचासों नई नई वैध कालोनियों के अलावा अवैध बस्तियों के तनने का चौतरफा खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। भूमाफियों और बिल्डरों का संजाल मास्टर प्लान की धज्जियां तो उड़ा ही रहा है, कई तरह की समस्याओं को भी जन्म दे रहा है। सबसे बड़ी समस्या जाम और दुर्घटनाजन्य ट्रैफिक व प्रदूषण बढ़ने की है। इस मामले में शासन व प्रशासन की जिम्मेदार एजेंसियां उदासीन और अंजान बनी हुई हैं।

उल्लेखनीय है कि भिलाई दुर्ग सहित इसके चारों तरफ तेजी से बसाहट का घनत्व बढ़ रहा है। भिलाई में जामुल, खमरिया, उमरपोटी, बोरसी,धनौरा हनौदा, भिलाई तीन पुरैना व दुर्ग के आउटर क्षेत्रों में महमरा,चिखली, जेवरा सिरसा, पिसेगांव, कोलिहापुरी साइड में चारों ओर सैकड़ों नई कालोनियां बन गई हैं और निर्माणाधीन भी हैं। निगम सूत्रों के मुताबिक अवैध कालोनियों की तादाद सौ से अधिक है। वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बनने और साडा के विघटन बाद नई कालोनियों के रुप में उप नगरों के विस्तार का शुरु हुआ सिलसिला अब गति पकड़ता जा रहा है। इस दौरान ट्विनसिटी में बसाहट बढ़ने के साथ चारों ओर नई कालोनियां और बस्तियां बन गई हैं। इनमें आवासहीनों की जरुरत के रुप में जहां कई वैध कालोनियां का विस्तार हुआ है वहीं कई भूमाफियाओं और बिल्डरों ने अवैध कालोनियां तान दी हैं। निकायों के भवन अनुज्ञा सहित रेरा, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और निगमों व पंचायत के निर्माण नियमों के अनुरुप भवनों का निर्माण नहीं किए जाने से कालोनियों के विस्तार से बस्तीवासियों के साथ अन्य शहरवासियों को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वहीं भविष्य में शहर में मल्टीस्टोरी फ्लाईओवर, पार्किंग, अंडरग्राउंड सीवेज सिस्टम और मेट्रो ट्रेन व सरकारी भवनों के निर्माण आदि नए प्रोजेक्ट के लिए भूखंडों की कमी की समस्या भी पैदा होगी। सिविल इंजीनियरों के मुताबिक नई कालोनियों और बस्तियों की सघनता के चलते ट्विनसिटी में बुनियादी सुविधाओं का सिस्टम बुरी तरह डैमेज हो रहा और ट्रैफिक, प्रदूषण,जलभराव, हरियाली के सिमटने जैसी कई नई समस्याएं बढ़ रही हैं।

### बुनियादी सुविधाओं के साथ बढ़ी प्रदूषण व ट्रैफिक की समस्या



### नए प्रोजेक्ट के लिए आएगी समस्या

भिलाई दुर्ग के अंदर और आउटर इलाकों व बस्तियों में अंधाधुंध निर्माण कार्य से बढ़ रहा प्रदूषण निकट भविष्य में दिल्ली के प्रदूषण जैसी समस्या को जन्म दे सकता है। रिटायर ईई जगदीश प्रसाद वराड़े बताते हैं कि रेरा के नियमों और डायवर्टेड प्लाट पर ही निर्माण किया जा सकता है। लेकिन नई बसाहट में इसका ध्यान नहीं रखे जाने से आगे जनसुविधा के प्रोजेक्ट कहां बनेंगे ? सीवेज सिस्टम दुरुस्त नहीं होने से जन स्वास्थ्य पर भी असर पड़ेगा।

### सिमट रही हरियाली बढ़ा ट्रैफिक

ट्विनसिटी के साथ आउटर क्षेत्रों में करीबन चार सौ नई वैध अवैध कालोनियों और बस्तियों के निर्माण के लिए हजारों एकड़ खेतों और हजारों हरभरे पेड़ों की बलि दी गई। यानी कांक्रीट के जंगल विस्तार से धूल, धुएं, केमिकलयुक्त पाल्यूशन की समस्या बढ़ रही है वहीं हजारों वाहनों की वृद्धि से जाम के हालात और दुर्घटनाएं बढ़ने से लोगों की मौत के साथ विकलांगता भी बढ़ रही है। हरियाली सिमटने से भिलाई दुर्ग का तापमान बढ़ रहा है। खंडवर्षा की समस्या बढ़ रही है।

## मॉडल प्रोजेक्ट्स में दिख विद्यार्थियों की प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैम्प 1 द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 9 से 12 तक के 327 विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने 86 प्रादर्श, 11 प्रायोजना, 24 रंगोली, और 26 पोस्टर का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, 16 विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि धर्मेंद्र पांडेय, राजकुमार जायसवाल, और शाला की प्राचार्य जया तिवारी थीं। इस प्रतियोगिता में निर्णायक हेमंत उपाध्याय, संध्या भागे, सीमा खान, सुमन मार्कण्डेय, ममता अ अनुपम बारीक, और प्र भास्करवार थे।

■ शाउमा विद्यालय कैम्प 1 में विज्ञान प्रदर्शनी

प्रादर्श गतिविधि में प्र दीपिका महानंद, द्वितीय सुवि और तृतीय स्थान ऋषि जायस रहे। वहीं प्रायोजना में प्रथम ड द्वितीय स्थान युवराज, और त आर रश्मिता ने किया। चित्रकल प्रथम स्थान म द्वितीय निशा और तृतीय अंजलि रहीं। वि प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान आ समूह ने प्राप्त किया। इस कार्यक्र मार्गदर्शक शिक्षकों के रूप में साहू, वंदना शाबू, अर्पणा तृप्ति त्रिपाठी, पूनम उर्मि साधना चंद्राकर, ममता साहू, स सींगल, डॉ अजय साहू, और अ खैरवार उपस्थित थीं।

### बीएसपी में संविधान दिवस, डायरेक्टर इंचार्ज ने दिलाई श



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र में संविधान को संविधान दिवस मनाया गया। देश में आज 75 वां संविधान दिवस मनाया गया। इस्पात भवन में डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता ने संविधान के प्रति श दिलाई कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, डां. अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बीके गिरी, डां. एम रवींद्रनाथ, राकेश कुमार और सीजीएम अरुण कुमार सहित ओए के सदस्य यूनियन प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कार्मिक उपस्थित थे। इस अव पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई।

## कार्मिकों की पत्नियों ने किया बीएसपी का भ्रमण



ाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा कोक न एवं कोल केमिकल विभाग के कार्मिकों की पत्नियों के लिए प भी जानिए" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोक ओवन एवं केमिकल विभाग के 21 कार्मिकों की पत्नियाँ शामिल हुई। क्षता मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा ने की। मुख्य महाप्रबंधक म माथुर ने कहा कि आपको सुरक्षित भ्रमण करवाना एवं संयंत्र की दन की गतिविधियों से अवगत कराना ही इस कार्यक्रम का लक्ष्य है। भ्रमण के दौरान उन्होंने कोक ओवन, ब्लास्ट फर्नेस–8 एमएस–3, यूनिवर्सल रेल मिल एवं प्लेट मिल विभाग में उत्पादन या को देखा। भ्रमण के पश्चात मानव संसाधन विकास केन्द्र के गार में सीजीएम तुलाराम बेहेरा ने कार्मिकों की पत्नियों को तिक उपहार एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किया।महाप्रबंधक एसके सोनी, मंडल, अजय कुमार, एस रायचौधरी,एम एस नायक व अतुल ामी तथा वरिष्ठ प्रबंधक एमवीवी प्रसाद उपस्थित थे।

## बीएसपी सीएसआर एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग का बटेरल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्त्व विभाग के माध्यम से आम–जनता तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच आसान बनाने के लिए "स्वास्थ्य मेला" का आयोजन किया जा रहा है। इसक तहत पहल के अंतर्गत 9 नवम्बर 8 जनवरी दुर्ग जिले के विभिन्न विकासखण्डों में निर्धारित तिथियों पर स्वास्थ्य षिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 25 नवंबर को निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग व जिला चिकित्सालय दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम बटरेल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएसआर से डां. सरस्वती, फार्मासिस्ट सुसन जैकब, नर्स प्रभा सैम्युअल, पंजीयन के लिए शंभू दयाल तथा जिला चिकित्सालय दुर्ग से डां. ऋषभ जैन, त्रिवेणी चंद्राकर, गमेंश साहू, हितेंद्र, गोल्डी ठाकुर, खिलेश्वरी साहू, हेमंत कुमार, सुनीता, डागेंद चंद्राकर एवं सीएसआर विभाग से श्री बुधेलाल उपस्थित थे। शिविर में 56 महिला, 16 पुरूष तथा 03 बच्चे सहित कुल 75 लोगों की जांच कर, उन्हें दवाई का वितरण किया गया। सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि बीएसपी परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय क्षेत्रें तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है।

## बीएसपी के जूट शिल्प प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के माध्यम से विगत तीन माह से संचालित 'जूट प्रशिक्षण कार्यक्रम' का समापन सेक्टर–5 कार्यालय में किया गया।समापन समारोह में महाप्रबंधक शिवराजन, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास के प्रबंधक सीएस केहरी, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार कामडे. सहित विभागीय कर्मी तथा प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित थीं। कैम्प–1 क्षेत्र की 30 महिलाओं को प्रशिक्षित करने के साथ ही तीन महीने की अवधि तक 3,000 रुपये मासिक स्टाइपेड (मानदेय) भी प्रदान किया गया। श्री केहरी ने हस्तशिल्प के कार्यों एवं प्रशिक्षण संबंधी जानकारियों तथा शासन से मिलने वाले सहयोग व मार्केटिंग संबंधित पहलुओं से अवगत कराया।








### सेल कर्मचारियों के एरियर्स और पे रिवीजन फिर खटाई में

# मुख्य श्रमायुक्त की कौन्सिलिएसन बैठक, बेनतीजा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



रिवीजन को लेकर मंगलवार को श्रम आयुक्त के कार्यालय में हुई कौन्सिलिएसन बैठक बिना किसी ने के समाप्त हो गई। बैठक में रीजनल कमिश्नर (सेंट्रल) ओपी सिंह ने न को कहा कि 15 दिसंबर तक सब ी की मीटिंग और 15 जनवरी तक एनजेसीएस मीटिंग बुलाएं। बर्नपुर में ाल को ले कर पनिशमेंट को भी स लिया जाए। सीटू यूनियन द्वारा ट्स पर साइन नहीं करने से प्रबंधन ने जगी जाहिर करते हुए कहा कि हर बार ठक में शामिल होते हैं और साइन नहीं हैं। हड़ताल करने के लिए एक मत ाते हैं लेकिन यहां एकमत नहीं होते। हम मीटिंग करेंगे तो वहां भी यही स्थिति रहेगी। हम भी साइन नहीं करेंगे। इस तरह से बैठक बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। बैठक में इंटक से वंश बहादुर सिंह, हरजीत सिंह ,एटक से विद्यासागर गिरी एचएमएस से राजेंद्र सिंह, प्रमोद मिश्रा बीएमएस से संजीत बनर्जी सीटू से ललित मोहन मिश्रा प्रबंधन की तरफ से अधिशासी निदेशक बीएस पोपली, महाप्रबंधक विक्रम उप्पल मलय गोस्वामी आरएलसी( सेंट्रल) ओपी सिंह और एएलसी( सेंट्रल) अमृतेश उपस्थित थे।

### पनिशमेंट आईडी एक्ट का उल्लंघन

सेल कर्मचारियों के एरियर ,बोनस फार्मूला में परिवर्तन एवं वेज रिवीजन के मुद्दों को लेकर 28 अक्टूबर को पूरे सेल में हड़ताल हुई थी। इसे लेकर चीफ लेबर कमिश्नर ने कौंसीलिएसन बैठक बुलाई थी। इंटक भिलाई के महासचिव वीबी सिंह ने बताया कि आरएलसी (सेंट्रल) ओपी सिंह ने सेल प्रबंधन से कहा कि कर्मचारियों के मुद्दों को लेकर जल्द एनजेसीएस की बैठक बुलाएं। यूनियनों के दबाव के बाद प्रबंधन बैठक के लिए राजी हुआ। यूनियन ने कहा कि बैठक के लिए एक निश्चित समय सीमा तय की जाए। प्रबंधन ने 15 दिसंबर तक सब कमेटी की बैठक और 15 जनवरी तक फुल एनजेसीएस की मीटिंग बुलाने पर सहमत हुआ। यूनियन नेताओं ने बर्नपुर में हड़ताल के बहाने कर्मचारियों को पनिशमेंट देने पर नाराजगी जताते हुए पनिशमेंट वापस लेने को कहा। लेबर कमिश्नर ने प्रबंधन से कहा कि पनिशमेंट देना आइडी एक्ट का उल्लंघन है।




हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 27 नवंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



धूप-छांव का फैशन

लाइव इवेंट

## सीएससीएस क्रिकेटः बिलासपुर ब्लू ने रायगढ़ को 8 विकेट से हराया



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत मैच कल्याण कॉलेज मैदान में खेला गया। बिलासपुर ब्लू और रायगढ़ के बीच हुए इस मैच में बिलासपुर ब्लू ने 8 विकेट से मैच जीत लिया। रायगढ की दूसरी पारी अपने कल के स्कोर 7 विकेट पर 74 रन से आगे खेलते हुए 99 रन पर आउट हो गई। कप्तान सक्षम चौबे ने 21 रन बनाए। बिलासपुर ब्लू के गेंदबाजों में अयान उपाध्याय ने 5 विकेट लिए। उत्कृष्ट तिवारी ने तीन विकेट लिए। बिलासपुर ब्लू ने बैटिंग करते हुए दूसरी पारी दो विकेट पर 95 रन बनाए। अनुज चंद्रा ने नॉट आउट 27 रन बनाए। रायगढ़ के गेंदबाज फैजान हुसैन एवं अनुजसिंह ने एक-एक विकेट लिए। मैच के अंपायर सुनील कुमार डड़सेना और आशुतोष यादव थे। स्कोर विनोद देवघरे एवं आयुष ठाकुर थे। अंडर-19 प्लेट ग्रुप के अन्य मैचो में अंबिकापुर में सरगुजा और कोरिया के बीच मैच हुआ। सरगुजा ने एक पारी और 110 रन से मैच जीत लिया। धमतरी में जांजगीर-चांपा और धमतरी के बीच मैच खेला गया। जांजगीर-चांपा ने एक पारी और 127 रन से मैच जीत लिया। वहीं कवर्धा में दुर्ग और कवर्धा के बीच मैच खेला गया। दुर्ग ने 291 रनों से मैच जीत लिया। न्यू ग्राउंड कांकेर में बस्तर और दंतेवाड़ा के बीच मैच हुआ। बस्तर ने एक पारी और 116 रन से मैच जीता। राजहरा में रायपुर ए ब्लू और नारायणपुर के बीच मैच हुआ। नारायणपुर ने यह मैच 6 विकेट से जीत लिया।

- कल्याण कॉलेज मैदान सेक्टर-7 में खेला गया मैच

सिटी इवेंट

## चित्रकारी पर ऑनलाइन टॉक शो, कला की बारीकियों पर किया मंथन



**भिलाई।** ललित कला अकादमी समूह में चित्रकार प्रभात बरमैया की कला पर आनलाइन टॉक शो का आयोजन किया गया। सिवनी मध्यप्रदेश निवासी शिव कुमार बरमैया के पुत्र प्रभात ने खैरागढ़ विश्वविद्यालय से फाइन आर्ट में मास्टर की डिग्री हासिल की है। उनकी कला पर खैरागढ़ में इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कपिल वर्मा, प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी, आचार्य महेश चंद्र शर्मा, बीएल सोनी, विजय शर्मा, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, मीना देवांगन कोंडागांव, वीरेन्द्र पटनायक, वीनी जोशी, पार्थ नेताम, गुंजन शर्मा, अमेरिका से कमलेश सक्सेना, साहित्यकार मेनका वर्मा और डॉ. अंकुश देवांगन ने अपने विचार प्रकट किए।

चर्चा के दौरान कलाकारों ने कहा कि चित्रकार ने वाटर कलर पर अत्यंत ही प्रभावी कार्य किए हैं। उनकी कला आमजन को भी ठिठक कर देखने को मजबूर कर देती है। मनुष्य हमेशा से ही प्रकृति के चारों ओर घिरा रहा है। उनकी कला प्रकृति के प्रतीकात्मक प्रतिबिंबों को रंगों और रेखाओं द्वारा फसल फलक के रूप में प्रकट करती है। उनके चित्रों में मूर्त से अमूर्त का मिलन, खेत में लगे फसल, तालाब, नहर, डगर, मेड़ एवं गांव परिलक्षित होते हैं। चित्रकार प्रभात बरमैया ने खैरागढ़ के चित्रकला विभाग में अतिथि शिक्षक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी है। उन्हें संस्कृति विभाग, भारत सरकार द्वारा दो वर्ष का छात्रवृत्ति प्रदान किया गया है। इसके अलावा उन्हें पांच बार प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय व एक बार राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिल चुके हैं। वे 15 समूह प्रदर्शनियां तथा 8 राष्ट्रीय कार्यशाला में अपनी सहभागिता निभा चुके हैं।

- ललित कला अकादमी समूह के चित्रकार प्रभात बरमैया ने बनाई है पेंटिंग



● उरला में तीन दिवसीय आयोजन, कथा वाचक हरीश साहू के मुखाबिंद से रामकथा का रसपान

# रामकथा का ऐसा बखान कि झूमे भक्त, भरत- हनुमान चरित्र और लंकाकांड का सजीव चित्रण, बाल कलाकारों की झांकी ने लुभाया

उरला में तीन दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया। कथा वाचक बाल व्यास हरीश साहू थे। संगीतमय रामकथा का आयोजन किया। इस दौरान हनुमान-भरत चरित्र, लंकाकांड का सजीव चित्रण किया गया। भगवान राम के अयोध्यान लौटने पर भक्त झूमते नजर आए। कथावाचक ने प्रतिदिन भगवान राम के अलग-अलग प्रसंगों का रसपान कराया। अंतिम दिन की शुरुआत देवी-देवताओं के तैलचित्र पर अखिल भारतीय दलित महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद बंजारे ने माल्यार्पण कर किया।



**भिलाई।** बाल व्यास हरीश साहू का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। विशेष अतिथि के रूप में संरक्षक चंद्रशेखर परघनिया, लोधी समाज के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम कौशिक, भिलाई-चरोदा पालिका की पूर्व अध्यक्ष सीता साहू, भाजपा महामंत्री प्रेमलाल साहू, अनिल साहू, सरपंच सोहन साहू, पूर्व पार्षद डॉ. रोहित साहू सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर बाल कलाकारों झांकी ने लुभाया। बालकों ने झांकी के माध्यम से राम-रावण युद्ध एवं राज्याभिषेक की प्रस्तुति दी। पूर्णाहुति और खीर पूड़ी का प्रसाद का वितरण किया गया।



### रामकथा के रसपान के लिए पूरा गांव उमड़ा

उरला में आयोजित इस रामकथा के देखने के लिए पूरा गांव उमड़ा। आयोजन समिति के रामकुमार साहू, पूर्व सैनिक सोहनलाल साहू का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इसी कड़ी में आए हुए अतिथियों के साथ साथ संगीतकार कौशल यादव एवं साथी जामुल, उरला मानस मंडली के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, पूर्व पार्षद रावाभाठा, रायपुर से शंकर साहू का भी सम्मान किया गया। पूर्णाहुति यज्ञ को संपन्न कराने वाले पंडित समीर शर्मा एवं राम कथा पारायण कर्ता पंडित नीलकमल शर्मा धमतरी वाले का भी विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर ज्वाला प्रसाद बंजारे ने कहा कि राम कथा अनंत है। बहुत हर्ष का विषय है कि इस उरला ग्राम का सपूत के मुखारबिन्द से यह कथा सुनने का सौभाग्य मिला है। यहां कि पावन भूमि को प्रणाम करता हूं और आशा करता हूं कि पूरे छत्तीसगढ़ और पूरे भारतवर्ष में इनके कथा के माध्यम से सनातन धर्म एवं संस्कृति का प्रचार हो।



### राम वनवास की कथा के दौरान भक्तों के बहे आंसू

इस अवसर पर राम वनवास की कथा के दौरान भक्तों के आंसू निकल आए। इससे पहले कथा वाचक बाल व्यास हरीश साहू ने राम जन्मोत्सव, राम-सीता विवाह, राम बनवास, निषाद राज गुहा केवट प्रसंग के बारे में बताया। आयोजन में अहिवारा कांग्रेस के कोषाध्यक्ष विजय साहू भी पहुंचे। इस अवसर पर विजय साहू ने कहा कि राम कथा सुनने का सौभाग्य हर किसी को प्राप्त नहीं होता और जहां कहीं भी राम कथा का आयोजन होता है, वहां की धरा पुण्य हो जाती है। राम कथा के माध्यम से घर-घर में संस्कार पहुंचता है। एक आदर्श बालक कैसा होना चाहिए, एक आदर्श बहू कैसी होनी चाहिए। एक आदर्श भाई कैसे होना चाहिए... यह सब हमें राम कथा से सीखने को मिलता है।



# स्टूडेंट्स ने जाना बड़ी कंपनियां कैसे बनाती हैं दूध से दही, मक्खन और घी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा के बीएससी कृषि के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण उद्यमिता जागरूकता विकास योजना के अंतर्गत बीईसी फूड कुथरेल का अवलोकन किया। एग्रो इंडस्ट्रियल अटैचमेंट विषय के अंतर्गत वे अमूल दूध और इससे बनने वाले प्रोडक्ट्स के बारे में जानकारी लेने पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक कंपनी कैसे दूध से दही, पनीर, मट्ठा बनाती है, जो कई दिनों तक खराब नहीं होते। संस्था के टेक्निकल अफसर युनुस कुमार साहू ने विद्यार्थियों को प्रोडक्शन से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वेस्ट मटेरियल को कहां यूज करते हैं। उपयोग करने वाले दूध को लगभग 100 किमी के गांवों में आसपास की समितियों के द्वारा जमा करते हैं। क्वालिटी टेस्ट करके पता करते है कि यह दूध उपयोग करने के लायक है कि नहीं। अमूल दूध की मार्केटिंग दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर तक करते हैं। अमूल फैक्ट्री में छात्रों ने मिल्क डे भी मनाया, जो कि डॉ. वर्गिस कुरियन के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। उन्हें श्वेत क्रांति का जनक माना गया है। विजिट अजय सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस विजिट में रावे समन्वयक विवेक पांडे, गोपाल कृष्णा, जयंत राठौर, ऋषि अग्निहोत्री, संतोष चंद्राकर, निवास (शीनू) मौजूद थे।

- छत्तीसगढ़ कृषि कॉलेज के विद्यार्थियों ने बीईसी फूड कुथरेल का किया अवलोकन

# कुशवाह समाज महिला विंग का गठन, डॉ. प्रिंयका बनी अध्यक्ष

**भिलाई।** महिला कुशवाहा समाज की आवश्यक मीटिंग पिछले दिनों हुई। इसमें महिला विंग की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका वर्मा चुनी गईं। शक्ति स्वरूपा मौर्य कुशवाहा महिला विंग की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं नवगठित महिला विंग को संगठनात्मक स्वरूप प्रदान करने के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष साधना मौर्य, कोषाध्यक्ष बरखा मौर्य, सचिव शीला मौर्य, मीडिया प्रभारी सोनू मौर्य, सांस्कृतिक प्रभारी संस्कृति वर्मा, संरक्षक कांति मौर्य, कानूनी सलाहकार यशवंती कुशवाहा, सहसचिव सीमा सिंह, गीता मौर्या, आरती मौर्य, मंजू मौर्य, अनीता मौर्या, संतोषी कुशवाहा, बबीता वर्मा, आरती मौर्य, लीला मौर्या, नमिता मौर्य, प्रतिमा कुशवाहा, मिथलेश मौर्य, सुमन मौर्य, पार्षद साधना सिंह सहित अन्य शामिल हैं। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा विंग के नाम एक बैंक खाता खोलने का निर्णय लिया गया। सदस्यों के द्वारा आगामी बैठक की समाज के असहाय वर्ग का मदद हेतु विभिन्न गतिविधि आयोजित करने पर भी सहमति बनी।



आयकर नियमों को लेकर चेंबर ऑफ कामर्स की कार्यशाला, व्यापारियों ने जाना एडवॉन्स टैक्स

# विवाद और विश्वास स्कीम का व्यापारी उठाएं लाभ, ब्याज और पेनल्टी होगी माफ, अभी 7500 आवेदन लंबित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आयकर नियमों में परिवर्तन, विवाद से विश्वास स्कीम 2024 एवं एडवांस टैक्स (अग्रिम कर) के संबंध में व्यापारियों को जानकारी देने कार्यशाला का आयोजन किया गया। चेंबर ऑफ कामर्स के बैनरतले आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण, आयुक्त पी एस हेड़ाऊ, संयुक्त आयुक्त बीरेन्द्र कुमार, आयकर अधिकारी जितेन्द्र कुमार, राहुल पटेल एवं अमरेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उन्होंने आयकर अधिनियम में निहित शर्तों की जानकारी व्यापारियों को दी। मुख्य रूप से एडवॉन्स टैक्स के बारे में विस्तार से बताया। चेंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हम व्यापारियों को आयकर नियमों की सही जानकारी हो पाती है। आयोजित कार्यक्रम के अंत में चेंबर की तरफ से अधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। अपर्णा करण ने कहा कि व्यापारी बहुत ही जागरूक हैं। शासन के राजस्व को बढ़ाने में आपकी बहुत बड़ी भूमिका है। आप छत्तीसगढ़ को देश का नंबर-1 राज्य के रूप में देखना चाहते हैं तो आयकर का भुगतान पूरी ईमानदारी से करें। इससे कि प्रदेश एवं देश का विकास हो। यदि आयकर संबंधी आपकी कोई भी समस्या हो या सुझाव हो तो हमारे कार्यालय में लिखित में देकर शंका समाधान कर सकते हैं।



### ऐसे आयोजनों से व्यापारियों को मिल पाती है सही जानकारी

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही व्यापारियों को सही जानकारी उपलब्ध हो पाती है। इसलिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए। इस अवसर पर शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा, रोहित सिंह, मनोहर कृष्णानी, विनय सिंह, दिलीप इसरानी व पदाधिकारी उपस्थित थे। व्यापारियों ने जिज्ञासावश प्रश्न भी किए, जिनका अधिकारियों ने जवाब भी दिया।

### पिछली स्कीम 2020 का अच्छी प्रतिसात, इसलिए निर्णय

प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप हेड़ाऊ ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 7500 अपीलें लंबित हैं। पिछली स्कीम 2020 में इस स्कीम को अच्छा प्रतिसाद मिला था। आप सभी इस नई स्कीम का लाभ उठाएं। बीरेन्द्र कुमार ने विवाद एवं विश्वास 2024 स्कीम के बारे बताया कि जिन करदाताओं की अपील 22 जुलाई 2024 से लंबित है। वे इस स्कीम का फायदा ले सकते हैं। इस स्कीम में ब्याज एवं पेनल्टी पूर्ण रूप से माफ है। इसमें सर्च से संबंधित अपील शामिल नहीं है। इसे 31 दिसम्बर 2024 तक फार्म-1 फाइल कर आनलाइन जमा किया जा सकता है। यह फार्म प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### टीडीएस की दरों में भी की गई कमी, इससे मिलेगी राहत

अमरेश कुमार ने आयकर के नियमों में परिवर्तन के बारे में विस्तृत देते हुए कर की दरों में जो परिवर्तन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीडीएस की दरों में कमी की गई है। कमीशन में 5 प्रतिशत टीडीएस को अब 1 अक्टूबर 2024 से 2 प्रतिशत किया गया है। इसके अलावा भी कई अन्य कमियां की गई हैं। व्यापारियों को समय-समय पर बैठकों के माध्यम से इसकी जानकारी प्रदान की जा रही है। ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो। शासन की वेबसाइट पर भी इस बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

## सिटी इवेंट

# एनसीसी दिवस समारोह में सेक्टर-7 स्कूल के कैडेट्स हुए शामिल



**भिलाई।** एनसीसी दिवस समारोह में सेक्टर-7 स्थित सीनियर सेकंडरी स्कूल के 38 कैडेट्स शामिल हुए। सेक्टर-2 विद्यालय में आयोजित 76वें समारोह में कैड्ट्स ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस समारोह के मुख्य अतिथि विजय सिंह पवार प्राचार्य भिलाई विद्यालय थे। वे एनसीसी के चीफ ऑफिसर रह चुके हैं। विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह डिप्टी मैनेजर शिक्षा विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र थे। अन्य अतिथियों में झनक सिंह पवार सहायक उपमुख्य अग्निशमन अधिकारी, जीपी शर्मा एवं टीएस मनोज पूर्व एनसीसी ऑफिसर उपस्थित रहे। मुख्य अथिति ने ध्वजारोहण के बाद परेठ का निरीक्षण किया। मार्चपास्ट की सलामी ली।

### कैडेट्स ने उपाचार का किया प्रदर्शन

एसके साहू के मार्गदर्शन में स्कूली छात्राओं प्रियंका, डिपल, दीक्षा, किरण एवं योगिता ने प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन किया। 37 छग एनसीसी बटालियन के सहयोग से सेक्शन अटैक डेमो रुद्रप्रताप सिंह, देवराज एवं समूह द्वारा प्रस्तुत किया। अर्पिता एवं विशाखा पाण्डे के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9वीं की 30 छात्राओं द्वारा ड्रील डांस प्रस्तुत किया गया। इसके अंतर्गत परेड कमांडर सार्जेंट संदेश दुबे काव्या दास, प्लाटून कमांडर सीपीएल राजरत्ना, तोमेश्वर और सुमन मिश्रा, एनसीसी कैम्प में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया गया।

● संविधान दिवस पर सरकारी महकमों, स्कूल-कॉलेजों में संविधान शपथ का कार्यक्रम

# दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान हमारा, जिसमें 444 लेख और 12 अनुसूचियां, इसके पालन की ली शपथ

**भिलाई/दुर्ग।** 26 नवंबर को संविधान दिवस पूरे जिले में ससम्मान मनाया गया। प्रशासनिक दफ्तरों, स्कूल-कॉलेजों और न्यायालयों में संविधान दिवस पर संविधान के पालन की शपथ ली गई। बता दें कि 26 नवंबर 1949 को देश में हमारा नया संविधान अपनाया गया, जो आज भी लागू है। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है। इसमें 444 लेख और 12 अनुसूचियां हैं। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को भारत का संविधान निर्माता माना जाता है। उन्होंने संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी का नेतृत्व किया। भारत के संविधान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिकारों का बंधन, कर्तव्यों का ज्ञान एकता की मिसाल, भारतवर्ष का अभिमान है। संविधान हर किसी के हितों की रक्षा हो ऐसा विधान है, सबको जोड़कर रखे, ऐसा भारत का संविधान है। इसे लेकर जगह-जगह कार्यक्रम हुए। 26/11 को मुंबई में हुए आतंकी हमले शहीद जवानों और नागरिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। घटना में 64 लोगों की मौत हुई थी। वहीं 300 से ज्यादा घायल हुए थे।




### कल्याण कॉलेज में बताई गई संविधान की महत्ता, पर्यावरण संरक्षण की कैडेट्स ने ली शपथ

सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान संविधान की रक्षा और देश की सुरक्षा, अखंडता बनाए रखने की शपथ ली गई। प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा ने बताया कि हमारे संविधान के मूल उद्देश्यों को प्रकट करने के लिए अमूमन सर्वप्रथम एक प्रस्तावना प्रस्तुत की जाती हैं। भारतीय संविधान की प्रस्तावना विश्व में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। प्रस्तावना के माध्यम से भारतीय संविधान का मूल सार, अपेक्षाएं, उद्देश्य उसका लक्ष्य तथा दर्शन प्रकट होता है। उन्होंने उपस्थित प्राध्यापकों को संविधान दिवस पर देश की एकता, अखंडता और संविधान रक्षा की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान एनसीसी बॉयज विंग के प्रभारी डॉ. हरीश कश्यप ने कार्यक्रम का संचालन किया। एनसीसी गर्ल्स विंग की प्रभारी डॉ.के.नागमणि ने आभार व्यक्त किया। पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### उदय महाविद्यालय जामुल में बाबा साहेब को किया गया याद, संविधान पालन की ली शपथ



उदय महाविद्यालय जामुल में संविधान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण दीपप्रजलित कर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण किया गया। संविधान दिवस पर विद्यार्थियों ने भाषण व कविता प्रस्तुत किया। बीएड प्रथम सेमेस्टर से संविधान की प्रस्तावना दीप्ति मिश्रा, उद्देश्य रंजना एवं चंचल, आवश्यकता ताराचंद एवं वर्षा यादव, अनुच्छेद यतेन्द्र एवं रोशन, धाराएं पंकजे ने किया। बीएड तृतीय सेमेस्टर से भारतीय संविधान में पंचवर्षीय योजना अस्सी लाल एवं अनुपम सिंह राजपूत, देश की शिक्षा के विकास में आर्थिक नियोजन रूपेश, मौलिक अधिकार में शिक्षा का अधिकार प्रिया सोनी एवं हेमलता साहू मौलिक कर्तव्य की जानकारी कुसुम साहू ने प्रस्तुत की। मंच संचालन बीएड तृतीय सेमेस्टर से प्रिया सोनी ने किया। ऊर्जावान प्रस्तुति के सभी छात्र व छात्रों को बधाई देते हुए प्रोग्राम में भाग लेने के लिए सहायक प्राध्यापक प्रभा प्रसाद ने प्रोत्साहित किया।

### सुराना लॉ कॉलेज में डीजे ने दी संविधान की जानकारी

संविधान दिवस पर सेठ रतनचंद सुराना लॉ कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी थीं। उन्होंने संविधान के मूल तत्वों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी ने संविधान के महत्व को समझाया। विशिष्ट अतिथि शासकीय अभिभाषक बालमुकुन्द चंद्राकर ने समाज में संविधान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य अखिलेश अग्रवाल ने संविधान दिवस आयोजित करने के आवश्यकता की जानकारी दी। अध्यक्ष प्रहलाद तिवारी ने समस्त अतिथियों एवं विद्यार्थियों को संविधान दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव दिलीप इंगले ने किया। अतिथियों का आभार सहायक प्राध्यापक सीमा शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अनिल सुराना, सत्येंद्र ठाकुर, मनोज मिश्रा, भाग्यश्री नातू, प्राचार्या डॉ. पूजा मल्होत्रा, निधि मिश्रा, दुर्गा शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।



### सेंट थॉमस महाविद्यालय ने मनाया राष्ट्रीय संविधान दिवस, साइबर जागरुकता दिया संदेश



राष्ट्रीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर सेंट थॉमस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सायबर सतर्कता एवं युवाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साइबर प्रहरी डॉ. संकल्प राय थे। प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने संविधान दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए संविधान के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि डॉ. संकल्प राय ने कहा कि कभी भी किसी अनजान नंबर पर काल रिसीव न करें। किसी को भी अपना पिन, ओटीपी या बैंक खाते की जानकारी साझा न करें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार के सायबर अपराधों एवं उनसे बचने के उपायों की जानकारी दी।

## सिटी लाइव

# वरिष्ठ नागरिक मिले उपमुख्यमंत्री विजय से, जमीन की रखी मांग



**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं दुर्ग जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा से उनके रायपुर निवास पर मुलाकात कर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं से अवगत कराया। महासंघ की मांग पर भूमि आवंटन में आ रही अड़चनों से अवगत कराया। साथ ही ज्ञापन सौंपा। उपमुख्यमंत्री ने शासन स्तर पर समस्या का समाधान करने तत्काल कलेक्टर दुर्ग को निर्देशित किया। उप मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वरिष्ठ नागरिकों की सभी समस्याओं को शासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता विजय साहू, महासंघ के प्रमुख सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन, अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, महासचिव गजानंद साहू एवं जोहनलाल साहू आदि शामिल थे।

- वरिष्ठ नागरिकों की सभी समस्याओं को शासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर हल करने मिला आश्वासन

## कलेक्टोरेट में आयोजन

# संविधान दिवस पर जरुरतमंदों को ट्राइसिकल व श्रवण यंत्र का वितरण



**दुर्ग।** भारतीय संविधान दिवस कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनान्तर्गत मुकेश चौधरी, रानी साहू, अमित सारथी, भिलाई निवासी आशमा परवीन एवं धनजय कुमार को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल एवं यामन कुमार साहू, बीरन बाई, फिरंता साहू, जतिन्दर सिंह को श्रवण यंत्र तथा अमरनाथ साहू को व्हील चेयर, भरत चंदेल को हस्तचलित ट्राइसिकल प्रदान की। साथ ही योग प्रशिक्षक हेतु प्रजापति ब्रम्हकुमारी संस्था, आर्ट ऑफ लिविंग, अखिल भारतीय गायत्री परिवार एवं पंताजलि समिति के प्रतिनिधियों को योगा दिवस कार्यक्रम में विशेष सहयोग हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविन्द कुमार एक्का, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित सिंह परिहार सहित अन्य मौजूद थे।

## 8 करोड़ मिथिलावासियों में हर्ष

# मैथिली में लिखी भारत के संविधान पुस्तक का विमोचन गर्व का दिनः झा



**भिलाई।** संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर भारत के संविधान को मैथिली भाषा में लिखे जाने और इस पुस्तक का राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री द्वारा विमोचन किये जाने पर मैथिली समाज के संरक्षक एवं उद्योगपति केके झा ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मिथिलांचल बिहार के 8 करोड़ मिथिलावासी आज हर्षित और गौरान्वित हैं। झा ने बताया कि भारत के संविधान को मैथिली भाषा में लिखे जाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। मिथिला राज्य संघर्ष समिति द्वारा मिथिला राज्य के साथ इसकी मांग भी लगातार की जा रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले कुछ वर्षों से इतिहास को अन्य भाषाओं में भी अनुवाद कराया जा रहा था, ऐसे में मिथिलावासियों का भी प्रयास था कि भारत का संविधान मैथिली भाषा में हो। इस प्रयास को सफलता मिली और पूरे भारत और विश्व में फैले मिथिलांचल, बिहार के 8 करोड़ मिथिलावासी आज गौरवान्वित हो उठे जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मिथिला भाषा में लिखें भारत के संविधान पुस्तक का विमोचन हुआ। मिथिला वासियों के लिए यह एक बड़ी जीत है। झा ने बताया कि मिथिला समाज में ऐसे प्रकांड विद्वानों की कमी नहीं रही जिन्होंने कानून की पढ़ाई की और बड़े ओहदों पर काम किया। इनमें चीफ जस्टिस हाईकोर्ट संदीप चंद झा, इंदौर के लोकायुक्त सुनील दत्त झा, बीएचयू के वाइस चांसलर गंगानाथ झा आदि प्रमुख नाम हैं। इन्होंने समाज को गौरवान्वित किया।

**केके झा ने जताया आभार**

## सिटी इवेंट

# वायु प्रदुषण कम करने प्रशासनिक स्तर पर चलाया जाएगा अभियान



**दुर्ग।** जिले में होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने निकायों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैटक की। बैठक में उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर संचालित कार्यों एवं गतिविधियों पर चर्चा की। इसमें वेस्ट और बायोमास प्रबंधन, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, अपशिष्ट प्रबंधन, औद्योगिक उत्सर्जन, सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रम, रोड डस्ट और वाहनों द्वारा प्रदूषण को कम करने की गतिविधियां शामिल रहीं। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में वायु गुणवत्ता के मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा की। शहरी क्षेत्रों में गार्डनिंग और पौधारोपण कार्य को आगामी माह तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने धूल को कम करने के लिए रोड साइड पेवर ब्लॉक लगाने और अनुकूल पौधे लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा वाहनों से हो रहे प्रदूषण को कम करने एवं इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए चार्जिंग स्टेशन तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही बायोमास की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सड़क निर्माण को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विकास कार्यों की जानकारी नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट की जाए। जामुल में वायु गुणवत्ता की रिपोर्ट की समीक्षा कर उन्होंने एक सप्ताह के भीतर सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, चरोदा आयुक्त दशरथ राजपूत, रिसाली आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## कार्नर न्यूज

### ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को जागरुक करने चलेगा अभियान

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) और चैतन्य संस्था के तहत नई चेतना 3.0 अभियान के अंतर्गत जेंडर रिसोर्स सेंटर का भव्य शुभारंभ जनपद पंचायत कार्यालय धमधा में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि देवकी साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा रहीं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी किरण कुमार कौशिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में दुर्ग जिले के डीपीएम सुनील शर्मा, अमर सिंह बीपीएम प्रभारी रबीकांत सिन्हा और चैतन्य संस्था की टीम से जिला समन्वयक योगिता झिलपे एवं ट्रेनिंग एसोसिएट एमीन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही पीआरपी, मास्टर ट्रेनर, और जेंडर विषय से जुड़े समूह की दीदियों ने सक्रिय सहभागिता दी। लैंगिक समानत और महिलाओं के सशक्तीकरण के उद्देश्य से यह सेंटर खोला गया है। इसके माध्यम से महिलाओं को जागरूक करने अभियान चलाया जाएगा।

## नई चेतना अभियान 3.0 के अंतर्गत की गई शुरुआत

# लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देने धमधा में जेंडर रिसोर्स सेंटर खुला



### महिलाओं और समुदाय के लिए नई पहल

जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्देश्य समाज में लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। यह मौजूद समुदायों को शिकायत निवारण, परामर्श सेवाओं, और जागरूकता अभियानों के माध्यम से सशक्त करेगा। इस पहल से सामाजिक समावेशन की दिशा में ठोस कदम उठाने में मदद मिलेगी। इसे लेकर गांव-गांव में बैठकें की जाएंगी। लोगों को जागरूक किया जाएगा। शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने की स्थिति दंड प्रावधानों से अवगत कराया जाएगा।



### भविष्य की योजनाओं पर विमर्श

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने जेंडर रिसोर्स सेंटर की भावी योजनाओं पर अपने विचार साझा किए। सभी ने इसे सामाजिक बदलाव के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सराहना की। अतिथियों ने कहा कि महिलाएं आगे बढ़ रही है। हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ी है। शिक्षा से जुड़ने की वजह से यह विकास संभव हो पाया है। इसलिए लोगों से अपील है कि बेटियों को जरूर पढ़ाएं। बेटी आज घर-परिवार का अभिमान हैं। वह हर काम कर सकती है, बशर्ते इसके लिए उन्हें मौका दिया जाए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की तनु बनीं बालिका युगल की जूनियर राष्ट्रीय विजेता



**रायपुर।** भुवनेश्वर उड़ीसा में 19 नवंबर से 25 नवंबर तक खेली गई जूनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में पहली बार छत्तीसगढ़ की तनु चंद्रा को बालिका युगल में राष्ट्रीय विजेता बनने का गौरव हासिल हुआ है। इसी तरह बालक युगल में छत्तीसगढ़ के दिव्यांश अग्रवाल एवं मानस भट्टाचार्य ने कांस्य पदक हासिल किया। छत्तीसगढ़ बनने के बाद से यह पहला अवसर है जब बैडमिंटन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में युगल मुकाबले में छत्तीसगढ़ को दो पदक प्राप्त हुए हैं। जूनियर खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ ने खुशी जताई है। छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया , सचिव संजय मिश्रा एवं समस्त पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाइयां दी है।

### मुश्ताक अली ट्रॉफी में शुभम की शानदार पारी



**रायपुर।** बीसीसीआई की ओर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 23 नवंबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का पहला टी-20 मैच 25 नवंबर 2024 को विशाखापटनम में पुदुच्चेरी टीम के विरुद्ध खेला गया। पुदुच्चेरी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 166 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से शुभम अग्रवाल ने नाबाद 49 रन तथा गगनदीप सिंह ने नाबाद 44 रनों की पारी खेली। दोनों के मध्य आठवें विकेट के लिये 92 रनों की साझेदारी हुई। जिसकी सहायता से टीम ने खराब शुरुवात से उबरते हुये सम्मानजनक स्कोर बनाया। पुदुच्चेरी की ओर से गौरव यादव तथा शफीक ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुदुच्चेरी की टीम ने 19.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर 168 रन बनाये तथा मैच जीत लिया। पुदुच्चेरी की ओर से अरुण कार्तिक ने 52 रन तथा अजय रोहेरा ने 39 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से शुभम अग्रवाल तथा अजय मंडल ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। पुदुच्चेरी ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### टेटे में आर्यन, समाया और नैतिक बने विजेता




**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर की ओर से 23 और 24 नवंबर को सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में आयोजित ₹स्व. श्री ज्ञान चंद लुनिया स्मृति- आठवीं रायपुर जिला मंथली लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024₹ संपन्न हुयी। सब जूनियर खिलाड़ी आर्यन सिंह सीनियर पुरुष एकल वर्ग में विशाल डेकाटे एवं एंड्रयू टी विलियम्स को हराकर प्रतियोगिता में बड़ा उलटफेर करते हुये विजेता बने, समाया पांडे ने सीनियर महिला एकल वर्ग एवं सब जूनियर (अंडर-15) बालिका एकल वर्ग में विजेता बनकर दोहरा खिताब जीता तथा सब जूनियर (अंडर-15) बालक एकल वर्ग में नैतिक अग्रवाल विजेता बने। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि एच.डी.एफ.सी. बैंक, रायपुर के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट मंदार कुलकर्णी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी ने की। इस अवसर पर मुख्य निर्णायक प्रिया चावड़ा, पी.एन. मजूमदार और अजीत बनर्जी उपस्थित थे। मंच संचालन प्रवीण निरापुरे ने किया। प्रतियोगिता के सभी वर्गों के अंतिम परिणाम में सीनियर पुरुष वर्ग में विजेता -आर्यन सिंह, उपविजेता-विशाल डेकाटे 2-0 तृतीय-एंड्रयू टी विलियम्स सीनियर महिला वर्ग में विजेता -समाया पांडे,उपविजेता-आहना सिंह 2-0 तृतीय-आरना खोटेले सब जूनियर (अंडर -15) बालक वर्ग,विजेता-नैतिक अग्रवाल, उपविजेता- तेजस जादवानी 2-0 तृतीय- कविश काला सब जूनियर (अंडर -15) बालिका वर्ग विजेता-समाया पांडे, उपविजेता-लावण्या पांडे 2-1 रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रिया चावड़ा एवं सहायक निर्णायक पी.एन. मजूमदार थे। उपरोक्त जानकारी राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

मौसम के बदलाव के साथ ही दिखाई देते हैं शरीर में संक्रमण के लक्षण

# एलर्जी के कारण खांसी होने पर नजर आते हैं ये लक्षण, राहत के लिए जरूर अपनाएं घरेलू इलाज

मौसम करवट लेते ही इंफेक्शन और एलर्जी की समस्या बढ़ जाती है। इससे लोगों को सर्दी और जुकाम की समस्या होती है। एलर्जी से होने वाली खांसी एक बहुत ही कॉमन समस्या है जो धूल, पराग कण जैसी चीजों के संपर्क में आने से हो जाती है। हालांकि इसका इलाज न किए जाए तो आप लंबे वक्त तक परेशान रह सकते हैं। कई बार तो लोगों को समझ ही नहीं आता है कि उन्हें किस वजह से खांसी हो रही है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि आखिर एलर्जी वाली खांसी होने पर कौन से लक्षण दिखाई देते है।

एलर्जिक खांसी आपके शरीर की एलर्जेन के प्रति प्रतिक्रिया है, यह एक सामान्य लक्षण है जो धूल के कण, पालतू जानवरों की रूसी और पराग जैसे विभिन्न सामान्य एलर्जेन द्वारा ट्रिगर किया जा सकता है। जब आप किसी एलर्जेन को साँस के ज़रिए अंदर लेते हैं, तो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली सूजन पैदा करने वाले पदार्थों को छोड़ कर प्रतिक्रिया करती है। यह सूजन आपके वायुमार्ग को प्रभावित कर सकती है और लगातार खांसी का कारण बन सकती है, जिसे अक्सर एलर्जी खांसी कहा जाता है। कुछ मामलों में, खांसी की प्रतिक्रिया वायुमार्ग में अतिरिक्त बलगम के संचय से शुरू होती है, जो एलर्जिक राइनाइटिस के कारण होने वाले पोस्टनासल ड्रिप का एक सामान्य परिणाम है। इससे लगातार खांसी या गंभीर खांसी हो सकती है, जो पराग के मौसम में विशेष रूप से परेशान करने वाली हो सकती है।



### तुलसी की चाय पीना हो सकता है फायदेमंद

गले में खुजली होकर खांसी आना,गले में बहुत ही ज्यादा खराश होना,गले में दर्द होना,पानी या कुछ भी लिक्विड पदार्थ घोंटने में परेशानी होना,नाक कान में खुजली होना,नाक बंद हो जाना और छींक आना ,बुखार,सिर दर्द और छाती में जकड़न होना एलर्जी संबंधी खांसी आपके दिनचर्या को प्रभावित कर सकती है, लेकिन कुछ ऐसे घरेलू उपाय हैं जो लक्षणों से राहत देने में मदद कर सकते हैं। तुलसी की चाय पीना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटी बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो गले से जुड़े संक्रमण कम करने में कारगर होती है। स्टीम लेने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। आप पुदीने के पत्तों को गर्म पानी में डाल कर भाप लें। इससे गले से लेकर फेफड़ों तक की सफाई होती है। गले में मौजूद एलर्जीक कण निकल जाते हैं। अदरक औषधीय गुणों से भरपूर होता है ऐसे में आप अदरक का सेवन करके एलर्जी को दूर कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आफ अदरक के छोटे टुकड़ों को पानी में उबालकर पी सकते हैं। नमक के पानी से गरारे करने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। नमक वाला पानी मुंह और गले में मौजूद बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है।

***एलर्जी के कारण खांसी होने पर नजर आते हैं ये लक्षण :*** गले में खुजली होकर खांसी आना,गले में बहुत ही ज्यादा खराश होना,गले में दर्द होना,पानी या कुछ भी लिक्विड पदार्थ घोंटने में परेशानी होना,नाक कान में खुजली होना, नाक बंद हो जाना और छींक आना ,बुखार, सिर दर्द और छाती में जकड़न होना। एलर्जी संबंधी खांसी आपके दिनचर्या को प्रभावित कर सकती है, लेकिन कुछ ऐसे घरेलू उपाय हैं जो लक्षणों से राहत देने में मदद कर सकते हैं।

तुलसी की चाय पीना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटी बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो गले से जुड़े संक्रमण कम करने में कारगर होती है। स्टीम लेने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। आप पुदीने के पत्तों को गर्म पानी में डाल कर भाप लें।



इससे गले से लेकर फेफड़ों तक की सफाई होती है। गले में मौजूद एलर्जीक कण निकल जाते हैं। अदरक औषधीय गुणों से भरपूर होता है ऐसे में आप अदरक का सेवन करके एलर्जी को दूर कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आफ अदरक के छोटे टुकड़ों को पानी में उबालकर पी सकते हैं। नमक के पानी से गरारे करने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। नमक वाला पानी मुंह और गले में मौजूद बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है।



## सेहत से जुड़ी समस्याओं को दूर करने बेहतर विकल्प है योगासन

सर्दियों में सेहत से जुड़ी कई समस्याएं परेशान करती हैं। ऐसे में आप रोजाना इस योगासन को घर पर आसानी से करके खुद को फिट रख सकते हैं। ऐसे में परेशान होने की बजाय, अपने फिटनेस रूटीन में इस आसान योगासन को शामिल करें। जी हां, हम तितली आसन के बारे में बात कर रहे हैं। इसे आप आसानी से घर पर करके हेल्थ से जुड़ी कई समस्याओं को दूर कर सकती हैं। इसके बारे में हमें अक्षर योग केंद्र के संस्थापक, योग और आध्यात्मिक गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर बता रहे हैं।

एक्सपर्ट का कहना है, "तितली आसन योग में सबसे महत्वपूर्ण आसनों में से एक है, जिसके बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं। इसे द बटरफ्लाई पोज के नाम से भी जानते हैं। तितली आसन का नाम वास्तव में संस्कृत के शब्दों से आया है और सभी शब्दों को मिलाकर इसका उच्चारण बनता है। यह आसन तितली की शारीरिक मुद्रा से काफी मिलता-जुलता है, इसलिए इस आसन को तितली आसन का नाम दिया गया है।"

### तितली आसन के स्वास्थ्य लाभ

तितली आसन के बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं, उनमें से कुछ स्वास्थ्य लाभों में थाइज, हिप्स और काफ को मजबूत करना, पाचन स्वास्थ्य में सुधार करना, डिलीवरी को नेचुरली बढ़ावा देना, थाइज एरिया के फैट को कम करना, लिवर और किडनी के कार्य में सुधार करना और तनाव और चिंता से राहत



देना शामिल है।

### थाइज, हिप्स और पिंडली को करता है मजबूत

तितली आसन रेगुलर करने इन तीनों हिस्सों की मसल्स पर स्ट्रेच आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आसन करते समय मसल्स पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे इन हिस्सों में ब्लड फ्लो बढ़ जाता है। इसके अलावा, इससे ज्यादा मात्रा में ऑक्सीजन और पोषण मिलता है, जिससे मसल्स में मजबूती आती है।

### किडनी और लिवर के काम में होता है सुधार

यह किडनी और लिवर में प्रेशर बनाता है, जो स्ट्रेस हार्मोन का उत्पादन करता है और किडनी और लिवर को बेहतर कार्य करने के लिए उत्तेजित करता है। इसके अलावा, यह लिवर और किडनी में जमा फैट को कम करता है।

### पाचन स्वास्थ्य में करता है सुधार

यह पाचन संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज को रोकता है, क्योंकि तितली आसन करते समय पेट और आंतों पर प्रेशर बनता है, जिससे शरीर तनाव पैदा करता है। रोजाना इस योगासन को करने से पाचन तंत्र का कार्य बढ़ता है, जो उचित मल त्याग में सुधार करता है और यह पाचन रस और एंजाइम के उत्पादन को बढ़ाता है। इसके अलावा, यह जटिल प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट को आसानी से पचाता है।



## सिसोदिया ने राष्ट्रीय खेल छत्तीसगढ़ में आयोजित करने चर्चा की उषा से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के जनरल सेक्रेटरी डॉ विक्रम सिंह सिसोदिया ने भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा से मुलाक़ात कर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की नई कार्यकारिणी को मान्यता पत्र देने हेतु धन्यवाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने सुश्री उषा से आगामी राष्ट्रीय खेल छत्तीसगढ़ में आयोजित करने के लिए किए गए एमओयू पर चर्चा की। जिस से छत्तीसगढ़ को भी राष्ट्रीय खेल की मेज़बानी का मौका मिल सके।

- छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी को मान्यता पत्र देने दिया धन्यवाद



भारतीय ओलम्पिक संघ के द्वारा छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के जनरल सेक्रेटरी डॉ विक्रम सिंह सिसोदिया और ख़ज़ांची संजय मिश्रा को एक नई ज़िम्मेदारी देते हुए 38 वें नेशनल गेम्स उत्तराखण्ड की एनएसएफ/एसओए कोआर्डिनेशन कमेटी में सदस्य बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के खेल जगत के लिये यह बहुत ही गर्व की बात है। इस नई ज़िम्मेदारी में वे सभी राष्ट्रीय खेल संघों और सभी राज्य ओलंपिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कोआर्डिनेशन कर खिलाड़ियों और साथ आ रहे ऑफिशियल की उचित व्यवस्था का ध्यान रखेंगे। जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियो और ऑफिशियल्स को भी होगा। उक्त नई ज़िम्मेदारी देने के लिए भी डॉ. सिसोदिया ने इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष पी टी उषा को धन्यवाद दिया है।

## नेशनल कराते चैंपियनशिप के लिए प्रदेश के खिलाड़ियों का चयन

**रायपुर।** नोएडा स्थित गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में नेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। ऑल इंडिया कराते डू फेडरेशन और दिल्ली कराते एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के 25 राज्यों से लगभग 800 से अधिक सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी शामिल होने जा रहे हैं। इसमें प्रदेश के 25 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

**शिविर में उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन :** छत्तीसगढ़ कराते संघ के अध्यक्ष विजय अग्रवाल और सचिव अजय साहू ने प्रतियोगिता संबंधित जानकारी दी। प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन करने के पश्चात नेशनल चैंपियनशिप में ले जाया जा रहा है। खिलाड़ियों का चयन करने के लिए नेताजी सुभाष स्टेडियम में शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रदेशभर के अनेक शहरों से खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयनित खिलाड़ियों में आदित्य झा,अभिषेक पांडे, भविष्य श्रीगंगे, हुजैफा आजाद, अभिमन्यु प्रताप सिंह, संकल्प श्रीवास्तव, कोपेश्वर साहू, हर्ष अवस्थी ,शौर्य साहू, छत्रपाल साहू, हर्ष यादव ,शौर्य लोनारे, अभिषेक व्यास ,रणवीर सिंह ठाकुर,नेहा खुटी, इकरा फातिमा, शांभवी पांडया,आयशा कुरैशी, भूमिका ठाकुर, गायत्री साहू, ट्विंकल दौडिया, कुमुद दौडिया, ईशा हिवार, नम्रता टंडन के नाम शामिल हैं।




कार्नर न्यूज

परफेक्ट ज्वेलरी की तलाश पूरी होगी इन टिप्स को आजमाने पर

# खरीदने जा रही हैं शादी के गहने तो इन बातों का रखें ध्यान, वरना पैसे के साथ समय होगा बर्बाद

शादी के लिए ज्वेलरी खरीदना एक महत्वपूर्ण काम है, और सही विकल्प चुनने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। शादी के सीजन में दुल्हन के आउटफिट से लेकर उनका मेकअप और ज्वेलरी भी काफी अहम होती है। अपने लिए परफेक्ट लहंगा और ज्वेलरी खरीदने के लिए हर होने वाली दुल्हन न जाने कितनी बार बाजारों के चक्कर लगाती है। पसंद का लहंगा खरीदने के बाद उसके लिए परफेक्ट मैचिंग वाली ज्वेलरी ढूढंना एक काफी कठिन काम है। बहुत सी लड़कियां शादी के लहंगे के साथ गोल्ड और डायमंड जड़ी ज्वेलरी पहनती हैं, तो वहीं बहुत सी लड़कियां आर्टिफिशियल ज्वेलरी पहनना पसंद करती हैं। यदि आप भी अपनी शादी के लिए ज्वेलरी की तलाश कर रही हैं और बाजारों के चक्कर काट रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। हमारी बताई गई बातों का ध्यान रखके आप अपने लिए परफेक्ट ज्वेलरी की तलाश कर सकती हैं।



### बजट तय करना जरूरी

शादी के लहंगे के लिए ज्वेलरी खरीदने का सोच रहे हैं तो सबसे पहले अपना बजट का निर्धारण करें। इससे आपको विकल्पों को सीमित करने में मदद मिलेगी और अनावश्यक खर्च से बचा जा सकेगा। यदि आप सिर्फ ये सोच के बाजार जाएंगी कि जो पंसद आएगा खरीद लेंगे तो आपको परेशानी हो सकती हैं।

### क्वालिटी पर ध्यान दें

शादी की ज्वेलरी खरीद रही हैं तो उसकी क्वालिटी का ध्यान रखें। यदि सोने-डायमंड की ज्वेलरी खरीद रही हैं तो BIS हॉलमार्क, कट, क्लैरिटी, और कैरेट की जांच करें। वहीं यदि आप आर्टिफिशियल ज्वेलरी खरीद रही हैं तो पहले ही कंफर्म कर लें कि कहीं ये काली न पड़े जाए। इसकी फिनिशिंग सही से हो, ताकि लुक भद्दा न लगे।

### ट्रेंड का रखें ध्यान

शादी की ज्वेलरी के लिए हमेशा पारंपरिक डिजाइन का चयन करें क्योंकि वे समय के साथ पुरानी नहीं लगती। यदि आप ट्रेंडी डिजाइन पहनना पसंद करती हैं, तो सुनिश्चित करें कि वे लंबे समय तक पहनने योग्य हों। कई बार ऐसा होता है कि हम खरीद तो लेते हैं लेकिन एक साल बाद ही वो ज्वेलरी हमें पसंद नहीं आती।

### वजन का ध्यान रखें

भारी ज्वेलरी केवल शादी के दिन के लिए उपयोगी हो सकती है, इसलिए ऐसी ज्वेलरी खरीदें जो देखने में तो भारी हो लेकिन पहनने में हल्की हो। अगर चोकर और नेकपीस खरीदेंगी तो आपका लुक भी अच्छा दिखेगा और आप इसे दोबारा खरीद पहन सकती हैं।

### ऑफ-सीजन खरीदारी

अभी शादी का सीजन चल रहा है, ऐसे में अभी आपको ज्वेलरी महंगी ही मिलेगी। ऐसे में यदि शादी में काफी समय है तो ऑफ सीजन खरीदारी करें। ऑफ सीजन में आपको छूट और ऑफर्स का लाभ मिल सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एफ 1' के सेट पर चक्कर खाकर गिरे ब्रैड पिट, आनन-फानन में ले गए अस्पताल



ब्रैड पिट अपनी अगली फिल्म 'एफ 1' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच अभिनेता के प्रशंसकों के लिए चिंता वाली खबर सामने आई है। अभिनेता फिल्म के सेट पर बेहोश हो गए और उन्हें तत्काल प्रभाव से अस्पताल ले जाया गया।

वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स की फिल्म 'एफ 1' अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। ब्रैड पिट अभिनीत इस फिल्म का लुत्फ आप 25 जून, 2025 को उठा सकेंगे। वहीं, यूएस और कनाडा में यह 27 जून, 2025 को दस्तक देगी। शूटिंग जोरो-शोरों से जारी है। वहीं, हालिया रिपोर्ट की मानें तो मुख्य अभिनेता सेट पर बेहोश होकर गिर गए, जिसके तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ गया। आइए ब्रैड पिट के स्वास्थ्य अपडेट पर गौर फरमा लेते हैं- हालिया रिपोर्टों के अनुसार, मुख्य अभिनेता ब्रैड पिट को एक दुर्घटना सीन को फिल्माने के दौरान ग्रिड पर बेहोश होकर फर्श पर गिरते हुए देखा गया था। 'एफ 1' टीम द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, पिट को ड्राइविंग गियर पहने हुए, एक रेस दुर्घटना के सीन को फिल्माते वक्त पहले लड़खडाते हुए और फिर बेहोश होकर जमीन पर गिरते देखा जा सकता है। पिट की टीम ने एक बयान जारी किया, 'क्वालीफाइंग के दौरान, सन्नी पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा जिसके लिए तत्काल चिकित्सा मूल्यांकन की आवश्यकता थी। इस परिमाण की घटनाओं को हमेशा गंभीरता से लिया जाता है, और सन्नी का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।'

### टॉलीवुड

## प्रभास की नई फिल्म के सेट से लीक हुई तस्वीरें, जानिए क्या है इनमें खास?




पैन-इंडिया स्टार प्रभास और निर्देशक हनु राघवपुडी की आगामी फिल्म इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म की घोषणा एक भव्य तरीके से की गई थी। इसके बाद से फिल्म की शैली और बजट को लेकर अब तक कई रिपोर्ट्स सामने आ चुकी हैं। हाल ही में फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर जमकर वायरल होने लगीं। इनमें पुरानी कारें और कई बस नजर आ रहे हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद के अलीपुर जेल में हो रही है, जहां 1930 के दशक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को बंदी बनाया गया था। गौर करने वाली बात यह है कि 1908-1909 में अलीपुर जेल में हुए मुकदमे ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अहम मोड़ ला दिया था और युवाओं को काफी प्रेरित किया था। 'फौजी' नाम से बन रही इस फिल्म को द्वितीय विश्व युद्ध के पृष्ठभूमि पर आधारित एक भव्य ऐतिहासिक रोमांटिक ड्रामा बताया जा रहा है। फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स कर रहे हैं। इसमें प्रभास एक सैनिक का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में महिला प्रधान भूमिका के लिए इमान वेलानी को कास्ट किए जाने की चर्चा है। फिल्म में विशाल चंद्रशेखर का संगीत सुनने को मिलेगा। वहीं, कोटागिरी वेंकटेश्वर राव संपादन और सुदीप चटर्जी के हाथ में छायांकन की कमान है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का बजट लगभग 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रभास के पास इस समय कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें द राजा साब, कल्कि 2898 एडी का सीक्वल और सलार 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। द राजा साब की शूटिंग इस साल के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। इस फिल्म में निधि अग्रवाल, अनुपम खेर, मुरली शर्मा, मलविका मोहनन, संजय दत्त, जिषु सेनगुप्ता और योगी बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## सुपरस्टार अरविंद की फिल्म 'मेरे जीवन साथी' का ट्रेलर रिलीज



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू और निर्माता निशांत उज्जवल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मेरे जीवन साथी' का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। यह ट्रेलर धमाकेदार और इमोशनल दृश्यों से भरपूर है, जिसने दर्शकों के दिलों में एक गहरी छाप छोड़ी है। फिल्म में प्रेम, एक्शन और रोमांस का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी दहेज और शिक्षा से जुड़ी है, जिसमें कल्लू एक ऐसे किरदार में नजर आ रहे हैं, जो अनपढ़ है और उसकी शादी नहीं हो रही। फिर उसे स्कूल टीचर से प्यार होता है और फिर जो होता है। उसके लिए फिल्म का इंतजार करना होगा। निर्माता निशांत उज्जवल ने फिल्म 'मेरे जीवन साथी' को लेकर कहा, 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसे बनाने में हमारी पूरी टीम ने दिन-रात मेहनत की है। कहानी, संगीत, निर्देशन और कलाकारों का प्रदर्शन सभी बेहद शानदार है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक ऐसा अनुभव है, जो दर्शकों के दिलों को छूएगा। हमने कोशिश की है कि भोजपुरी सिनेमा को एक नया आयाम दिया जाए और दर्शकों को एक बेहतर सिनेमाई अनुभव मिले।' उन्होंने आगे कहा, 'अरविंद अकेला कल्लू और मेघाश्री जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करना अद्भुत रहा। पूरी टीम का समर्पण फिल्म में साफ झलकता है। हमें उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को उतना ही प्यार देंगे, जितनी लगन से इसे बनाया गया है।

## धूप-छांव का फैशन




मशहूर डिज़ाइनर कुणाल रावल ने इंडियन कॉउचर वीक में अपने बेहतरीन कलेक्शन 'धूप छांव' को प्रदर्शित किया। युवा भारत की उभरती हुई जीवंतता से प्रेरणा लेते हुए, रावल ने अपने परिधानों में 3डी प्रिंटिंग, जीरो-वेस्ट पैटर्न कटिंग और आकर्षक मेटैलिक को उभारा हैं जो पुरुषों के फैशन के लिए नए मानक स्थापित करते हैं।

## माइल्ड शैम्पू और इन्हें इस्तेमाल करने के फायदे



ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें माइल्ड शैम्पू के बारे में जानकारी ही नहीं होती है। ऐसे में वे किसी भी शैम्पू से हेयर वॉश करना शुरू कर देते हैं। जबकि माइल्ड शैम्पू बालों के नेचुरल ऑयल को बरकरार रखते हुए उसे क्लीन करते हैं।

जैसा कि इसके नाम से ही पता चलता है, माइल्ड शैम्पू बालों (बालों के लिए उपाय) पर अधिक जेंटल होते हैं। इन्हें बिना किसी हार्श केमिकल की मदद से तैयार किया जाता है। यह सल्फेट और पैराबेन फ्री होते हैं। माइल्ड शैम्पू बनाते समय नेचुरलर इंग्रीडिएंट का इस्तेमाल किया जाता है। माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करने से उनके नेचुरल (नेचुरल डाइट)ऑयल पर नेगेटिव असर नहीं पड़ता है।

जिसके कारण स्कैल्प की केयर करने में मदद मिलती है। अगर आपके बाल बहुत गंदे होते हैं और आप हर दिन हेयर वॉश करना चाहते हैं तो ऐसे में माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करना अच्छा रहता है। इनमें हानिकारक केमिकल्स नहीं होते हैं, इसलिए वे बालों पर जेंटल होते हैं। संसेटिव स्कैल्प पर केमिकल युक्त शैम्पू जलन पैदा कर सकते हैं। लेकिन माइल्ड शैम्पू को नेचुरल इंग्रीडिएंट्स की मदद से तैयार किया जाता है, इसलिए वे जलन, खुजली या फिर रेडनेस की संभावना को कम करते हैं।

जहां रेग्युलर शैम्पू बालों को रूखा बनाते हैं, वहीं माइल्ड शैम्पू बालों को क्लीन करने के साथ-साथ उन्हें कंडीशन करने में भी मदद करते हैं। कलर्ड हेयर के लिए भी माइल्ड शैम्पू अच्छे माने जाते हैं। वे बालों के कलर को लंबे समय तक ऐसे ही बनाए रखने में मदद करते हैं। माइल्ड शैम्पू को नेचुरल इंग्रीडिएंट्स की मदद से तैयार किया जाता है, जिसके कारण इनसे बालों को पोषण भी मिलता है। साथ ही साथ, ये स्कैल्प के पीएच बैलेंस को भी बनाए रखते हैं।

## पहली डेट पर खुद को ऐसे करें तैयार वो होंगी जरूर इंप्रेस और बढ़ेगा प्यार




पहली डेट है और ड्रेसिंग को लेकर चिंता बनी हुई है तो 'डोंट वरी' क्योंकि पहली डेट के लिए ड्रेसिंग का सही तरीका हम आपको बताए देते हैं। इन टिप्स के साथ आपकी पहली डेट पर आप परफेक्ट दिखेंगे। उनको आपका लुक पसंद आएगा और वो आपसे इम्प्रेस भी जरूर होंगी। आपको बेहतरीन लुक्स और ड्रेसिंग के लिए क्या करना होगा, जान लेते हैं-



### ध्यान से चुनें कपड़े

आप ब्रांड को लेकर बहुत सोचते हैं तो डेट पर अपनी ये सोच पीछे छोड़ दीजिए। आप भले ही अच्छे ब्रांड के कपड़े न पहनें लेकिन वो कपड़े जरूर पहनें जो आप पर अच्छे से फिट होते हैं। सिर्फ ब्रांड दिखाने के लिए महंगे कपड़े पहनने से बचें। इस वक्त जिन कपड़ों में अक्सर आपको तारीफ सुनने को मिलती है, उन्हें ही पहनें.

### सही लगूंगा या नहीं

जिन कपड़ों को पहनकर लुक को लेकर जरा भी डाउट आए उन्हें आप छोड़ दीजिए, उन्हें न पहनना ही सही रहेगा। या ये कहें जो पहना है उसमें आत्मविश्वास महसूस हो, तब ही उसे कैरी करें.

### चमकदार कलर को कहें न



बहुत चमकदार रंग पहनने से बचें। ऐसे रंग पहनें जो एकदम से ध्यान न खींचें। चमकदार रंगों के साथ आपका इम्प्रेशन खराब पड़ सकता है। क्योंकि ऐसे रंग सब पर अच्छे नहीं लगते हैं। और ये सबको भी अच्छे नहीं लगते हैं। इसलिए ऐसे रंगों से बचें।

### ये तो बिल्कुल नहीं

ग्राफिक टी शर्ट आपका स्टाइल है। आप इसमें खुद के लुक को बेस्ट पाते हैं तो भी इन्हें डेट पर पहनने के बारे में सोचिएगा भी नहीं। ग्राफिक टीशर्ट के साथ कार्गो शॉर्ट्स और सैंडल वगैरह भी बिल्कुल न पहनें। इस तरह के कपड़े और ड्रेसिंग से पहली डेट पर बचें।

### ग्रूमिंग भी है जरूरी

आप कपड़ों को लेकर कितनी भी तैयारी कर लीजिए लेकिन अपनी ग्रूमिंग को बिल्कुल न भूलिए।

## कोरियन स्टाइल स्किन केयर कर सकते हैं पुरुष भी, आसान टिप्स को अपनाएं



कोरियन स्किन केयर आजकल सेल्फ केयर में सबसे कॉमन वर्ड बन चुका है। लेकिन अक्सर कोरियन स्किन केयर को महिलाओं से जोड़कर देखा जाता है। पर अब नहीं। पुरुष भी कोरियन स्किन केयर को अच्छे से इस्तेमाल कर सकते हैं और स्किन को बेहतर भी कर सकते हैं। ये काम कठिन बिलकुल नहीं है।लेकिन हां, ये उन पुरुषों के लिए ही है जो सच में स्किन केयर पर समय देते हैं। ये उनके लिए बिल्कुल नहीं है जो सिर्फ अच्छे कपड़े पहनकर और डियो छिड़क कर चल देते हैं।

कोरियन स्किन का त्वचा पर असर जल्दी दिखता है लेकिन इसको इस्तेमाल करने में समय भी देना पड़ता है।

कोरियन मानते हैं कि आप अपना भविष्य अपने चेहरे में देख सकते हैं। इसलिए वो अपने चेहरे पर खूब ध्यान देते हैं। इसमें हायड्रेशन, पोषण और सुरक्षा सबकुछ शामिल होता है। ये लम्बी प्रकिया होती है लेकिन एक बार लाइफस्टाइल में शामिल हो जाने के बाद इसको आजमाना दिक्कत नहीं देता है।

कोरियन स्किन केयर का ये पहला स्टेप है। इसमें ऑयल बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो स्किन से प्रदूषण और गंदगी को निकाल देता है। इससे स्किन को तेल का पोषण भी मिलता है जो अंदर तक स्किन को रिलैक्स भी कर देता है। इससे सुबह या रात को सोने से पहले मसाज करें।

ऑयल बेस्ड क्लींजिंग के बाद कोरियन स्किन केयर में डबल क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए वॉटर बेस्ड क्लींजर ही इस्तेमाल करें। दरअसल माना जाता है वॉटर बेस्ड क्लींजर, पानी से जुड़ी अशुध्दता को कम करते हैं। इसको सुबह या रात में सर्कुलर मोशन में लगाएं। कोरियन स्किन केयर में एक्सफोलिएटर के तौर पर अखरोट, चावल या नमक का इस्तेमाल किया जाता है ।

## आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं ये लिपस्टिक शेड्स, हर कोई करेगा तारीफ



शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में किसी न किसी के घर-परिवार में शादियां तो हो रही हैं। दरअसल, जब भी हम किसी शादी-पार्टी में जाते हैं तो खुद को सबसे स्पेशल दिखाने के लिए कुछ न कुछ अलग करते ही हैं।

वहीं, बात जब महिलाओं की आती है तो उनको तैयार होने में पुरुषों के मुकाबले थोड़ा ज्यादा समय लगता है, क्योंकि वो मेकअप करती हैं। पर इसमें एक सबसे जरूरी चीज होती है जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाती हैं और वो है लिपस्टिक।

बाजार में लिपस्टिक के कई शेड्स उपलब्ध हैं, जिनमें से महिलाएं अपनी पसंद की चुनती हैं। पर कई बार एक ही शेड्स का बार-बार इस्तेमाल करने की वजह से आपके लुक पर कोई खास ध्यान नहीं दे पाता। इसलिए इस बार शादी-पार्टी में आप कुछ खास लिपस्टिक शेड्स लगाकर जा सकती हैं।

**न्यूड शेडः** अगर आप चाहें, तो आप न्यूड शेड की लिपस्टिक भी लगा सकती हैं। दरअसल, ये शेड आपको सटस और सिंपल मेकअप लुक में और भी कमाल का लुक दे सकता है। इसकी सबसे खास बात ये है कि ये न्यूड शेड आपके होठों को कलर तो देती है, लेकिन ड्रमेटिक लुक नहीं देती है।

**प्लम शेडः** आप अगर शादी में हल्का मेकअप करके जा रही हैं, तो आप यहां पर प्लम शेड वाली लिपस्टिक लगा सकती हैं। ये शेड आपको सबसे अलग करने में मदद कर सकता है।

कार्नर न्यूज

### वेस्टर्न कल्चर से प्रभावित फैशन बनाया जाता है बॉडी टाइप के अनुसार

## दिखना चाहती हैं छरहरी तो वॉर्डरोब में शामिल करें ऐसी ड्रेस, मिलेगी भरपूर सराहना

*फैशन में हैं एक्स-लाइन ड्रेसेस। फैशन के गलियारों में इतने ट्रैंड्स आपको देखने को मिल जाएंगे कि कुछ के तो आप नाम तक नहीं जानते होंगे। कई बार तो आपने जो आउटफिट पहना हुआ आपको उसी के बारे में सही से पता नहीं होता है। ऐसे में वेस्टर्न कल्चर से प्रभावित आउटफिट्स के बारे में जानना तो आपके लिए और भी ज्यादा मुश्किल हो जाता होगा। वेस्टर्न कल्चर से प्रभावित फैशन की एक खास बात होती है कि उसे बॉडी टाइप के अनुसार बनाया जाता है और आउटफिट का नाम भी उसी प्रकार से रख दिया जाता है।*

### क्या होती हैं एक्स लाइन ड्रेसेस?

इन ड्रेसेस को देखने पर आपको अनुभव होगा कि यह एक्स एल्फाबेट से इंस्पायर्ड हैं और इनका शेप भी लगभग वैसा ही होता है। इसलिए आपको इसकी नेकलाइन अधिकतर क्रिस-क्रॉस स्टाइल में ही मिलेगी। कुछ में हॉल्टर नेकलाइन भी आपको दिख सकती हैं।

वैसे तो यह दोनों ही नेकलाइन आपको इंडियन एथनिक आउटफिट्स में नजर आ जाएंगी, मगर एक्स-लाइन स्टाइल आपको वेस्टर्न ड्रेसेस में ही देखने को मिलेगा। इस तरह की ड्रेस फ्लेयर्ड होती हैं,मगर इनमें अम्ब्रेला कट घेर नहीं होता है।

आपको एक्स-लाइन ड्रेसेस में स्ट्रैप ड्रेसे सबसे ज्यादा नजर आएंगी। यदि आपको नाइट पार्टी लुक चाहिए, तो इस तरह की ड्रेस आपके लिए बहुत अच्छा विकल्प हो सकती हैं।

### किस बॉडी टाइप के लिए होती हैं एक्स लाइन ड्रेसेस?.

बॉडी टाइप के कई प्रकार होते हैं और इनमें से एक है आवरग्लास। एक्स-लाइन ड्रेसेस इस बॉडी टाइप के लोगों पर बहुत अच्छी नजर आती हैं। दरअसल, इस बॉडी टाइप में कंधों से ज्यादा बॉटम पार्ट चौड़ा होता है, जिससे कमर भी चौड़ी नजर आती है। कम को पतला दिखाने, कंधों को डिफाइन करने और बॉडी के लोअर पार्ट को छुपाने के लिए आप एक्स-लाइन ड्रेस पहन सकती हैं।



फैशन वर्ल्ड हर किसी के लिए कुछ न कुछ है और कई बार हम अपने बॉडी शेप को लेकर जब परेशान होते हैं, तब एक अच्छी सी ड्रेस हमारे मूड को चियर अप कर देती है। ऑवरग्लास बॉडी शेप वाली महिलाओं को हमेशा इस बात की शिकायत होती है कि वह अपने बॉडी शेप के कारण वेस्टर्न आउटफिट्स नहीं पहन पाती हैं, क्योंकि उनकी लोअर बॉडी चौड़ी नजर आती है। ऐसे में एक्स-लाइन ड्रेस आप यदि पहनती हैं, तो आपकी बॉडी शेप में नजर आएगी।



### एक्स-लाइन ड्रेस लेते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

आपको हॉल्टर नेकलाइन और क्रिस क्रॉस नेकलाइन तो बहुत सारे आउटफिट्स में मिल जाएंगी। मगर जो ड्रेस आपके शोल्डर्स को डिफाइन करे और बॉटम पार्ट के उभरेपन को छुपाए, उसे ही एक्स-लाइन स्टाइल कहते हैं। तो आउटफिट खरीदते वक्त इस बात का ध्यान जरूर रखें।